हरिभूमि
# रायपुर भूमि



सूख चुके पेड़ों में नीम और पीपल जैसे छायादार पेड़ शामिल

खास खबर

### जड़ सहित शिफ्ट किए गए थे पेड़, वहां दर्जन से ज्यादा पेड़ों ने दम तोड़ा

# सौ साल पुराने शिफ्ट किए गए पेड़ सूखे लाखों खर्च किया, लेकिन पानी नहीं दे पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे के विकास कार्यों की जद में आ रहे 100 साल पुराने पेड़ों को बचाने रेलवे ने पिछले साल स्टेशन के पीछे गुढ़ियारी की ओर 20 से अधिक पेड़ों को शिफ्ट किया था। शुरुआत में यह रेलवे का प्रयास सफल दिखा। कुछ महीने के भीतर कई पेड़ों में नई जड़ें विकसित हुईं, कुछ में पत्ते, फूल और फल भी दिखने लगे थे, लेकिन अब इन पेड़ों की स्थिति ▶▶|शेष पेज 13 पर



### इस तरह रेलवे ने किया था शिफ्ट

सालभर पहले रेलवे ने जड़ के साथ पेड़ों को जमीन से निकालकर रेलवे परिक्षेत्र की बाउंड्री के नजदीक रेलवे लोको कॉलोनी, टीटीई रेस्ट रूम के आसपास शिफ्ट किया था।पेड़ पुराने और विशाल होने के कारण ट्रक और क्रेन की मदद ली थी। पेड़ को उखाड़ने के लिए पहले ट्रांसप्लांटेशन मशीन के जरिए लंबी जड़ों तक खुदाई ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पानी नहीं मिलने से सूखने लगे पौधे

शिफ्टिंग किए गए पेड़ों को पानी नहीं मिल रहा है। जिस जगह पर पेड़ लगाया गया है बीते कई महीनों से वहां पेड़ों को पानी नहीं मिला है। जमीन भी कठोर हो चुकी है। वर्तमान में 50 फीसदी सूखे है और उतने ही अभी जीवित है। अब रेलवे इन पेड़ों को काटने व हटाने में खर्च करेगा। ट्री-ट्रांसप्लांटेशन विशेषज्ञ का कहना है कि अब इन पेड़ों पर ध्यान नहीं दिया तो यह पौधें ही चंद महीनों में ही सूख जाएंगे। ट्री-ट्रांसप्लांटेशन के बाद देखभाल जरूरी होती है। रेलवे के ओर से शिफ्टिंग के बाद पौधों में पानी डाला जाता था, जो अब बंद है।

### *बारिश के भरोसे ट्रांसप्लांटेशन पेड़ जिंदा नहीं रहते: विशेषज्ञ*

*हरिभूमि ने ट्री-ट्रांसप्लांटेशन विशेषज्ञ डॉ. आनंद शर्मा से इस बारे में बात की। वे बताते हैं कि किसी भी बड़े पेड़ को हटाकर दूसरी जगह स्थापित करने के बाद कम से कम 12–18 महीने तक रोज या निर्धारित अंतराल में सिंचाई व पौधे के चारों तरफ मिट्टी को ढीला करके एरेशन, बढ़ती नई जड़ों की रक्षा के लिए मल्चिंगकीट व फफूंद संक्रमण से बचाव के लिए ट्री हेल्थ ऑडिट, मानसून से पहले और बाद में पोषक तत्वों का प्रबंधन इनमें से एक भी कदम में लापरवाही पेड़ों को धीरे-धीरे सुखा देती है। बड़े पेड़ों की नई जड़ें कई महीनों तक कमजोर रहती हैं। इसलिए सिर्फ बारिश के भरोसे उन्हें छोड़ा नहीं जा सकता।नियंत्रित सिंचाई और जड़ों को स्थिर करने वाली तकनीकें नहीं अपनाई गईं, इसलिए आधे पेड़ वापस जीवन नहीं पा सके।*

### रायपुर स्मार्ट ने 5 करोड़ खर्च कर बनवाई चौपाटी, अब उस जगह पर लाइब्रेरी बनाएंगे

# साइंस कालेज की शानदार चौपाटी 'चौपट', सुबह निगम ने उजाड़ा, भाजपा-कांग्रेस आमने सामने

### चौपाटी की डिजाइन अफसरों ने पास की, तब अवैध नहीं लगी: ढेबर

चौपाटी संचालकों को अचानक मिले नोटिस और सुबह 6 बजे तक सामान हटाने के निर्देश पर पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि जिस चौपाटी का नक्शा, डिजाइन और पूरी संरचना वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में तैयार की गई थी, वह चौपाटी आज अचानक अवैध कैसे घोषित हो रही है?

श्री ढेबर ने कहा कि प्रशासन द्वारा दिए जा रहे कारण वास्तविकता से मेल नहीं खाते। स्कूल-कॉलेज का बहाना दिया जा रहा है, तो क्या बूढ़ापारा की चौपाटी वैध है? वहां भी तो गर्ल्स स्कूल और कई शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। वहां सब ठीक है और यहां सब गलत, यह दोहरा रवैया जनता को साफ दिख रहा है।

पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा, क्षेत्रीय विधायक की ज़िद के कारण छोटे कारोबारियों और चौपाटी संचालकों की रोज़ी-रोटी पर संकट खड़ा कर दिया गया है। श्री ढेबर ने प्रशासन से अपील की कि बिना किसी स्पष्ट नियम, बिना वैध प्रक्रिया और बिना सुनवाई ▶▶|शेष पेज 13 पर

### *विधायक की हठधर्मिता ने छात्रों का यूथ हब छीन लिया*

*यूथ हब चौपाटी को शिफ्टिंग किए जाने को लेकर कांग्रेस भवन में शनिवार को पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने यूथ हब फूड कोर्ट को हटाने की भाजपा सरकार की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि जो विधायक दसवीं पास नहीं है, उसे यूथ हब फूड कोर्ट की न तो समझ है और न ही युवाओं की जरूरतों का अंदाजा। उन्होंने कहा कि साइंस कॉलेज मैदान के सामने संचालित चौपाटी युवाओं के लिए चर्चा, बैठकों और संवाद का प्रमुख केंद्र रहा है। यह क्षेत्र यूनिवर्सिटी और कॉलेज से*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीई रोड पर साइंस कालेज के सामने बनाई गई शानदार चौपाटी आखिरकार हटा दी गई। भारी विरोध के बीच नगर निगम ने 60 दुकानों को आमानाका ब्रिज के नीचे शिफ्ट किया गया है। 3 साल पहले 5 करोड़ खर्च स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इसे बनाया गया था और चौपाटी का आनंद उठाने लोग परिवार के साथ आते रहे। इसे रायपुर की सबसे अच्छी, सुकूनदायक और सुरक्षित चौपाटी माना जाता था। उसे हटाने का कांग्रेस ने जोरदार विरोध किया। वहीं पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने साइंस कालेज की चौपाटी को अवैध निर्माण करार दिया है।

- **मूणत ने कहा- अवैध चौपाटी थी इसलिए हटाई, हम साढ़े तीन साल से विरोध कर रहे थे**
- **पुलिस और कांग्रेसियों के बीच झड़प, जेसीबी के नीचे लेटे पूर्व विधायक विकास**

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 3 साल पूर्व 5 करोड़ खर्च कर जीई रोड में साइंस कालेज खेल मैदान के सामने चौपाटी विकसित की गई। इसका पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कड़ा विरोध किया था। 2023 में भाजपा सरकार आने के बाद चौपाटी को हटाने और उस स्थान ▶▶|शेष पेज 13 पर







### कांग्रेस ने कहा-विधायक की हठधर्मिता ने छात्रों का यूथ हब छीन लिया

यूथ हब चौपाटी को शिफ्टिंग किए जाने को लेकर कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी जिसमें पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। , काँग्रेस नेताओं ने यूथ हब फूड कोड को हटाने की भाजपा सरकार की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि साइंस कॉलेज मैदान के सामने संचालित चौपाटी युवाओं के लिए चर्चा, बैठकों और संवाद का प्रमुख केंद्र रहा है। यह क्षेत्र यूनिवर्सिटी और कॉलेज से घिरा हुआ है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बैठकर अध्ययन, बातचीत और समय व्यतीत करते हैं। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 13 पर




### जमकर विरोध, रातभर धरने पर बैठे रहे विकास

शुक्रवार की रात से ही चौपाटी हटाने के विरोध में रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कांग्रेसियों और प्रभावित दुकानदारों के साथ चौपाटी स्थल पर धरने पर बैठ गए। शनिवार सुबह निगम अमला पुलिस बल के साथ जैसे ही मौके पर चौपाटी हटाने पहुंचा और जेसीबी मशीन शुरू हुई ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मूणत के घर के बाहर धरने पर हरितवाल

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल इस मामले में शुक्रवार की रात विधायक राजेश मूणत से मिलने वेंडरों के साथ उनके घर गए। उन्हें बताया गया मूणत जी बाहर गए हैं। एकाएक भीड़ बढ़ते देख अचानक विधायक घर से बाहर आए और बातचीत की। श्री हरितवाल ने आरोप लगाया है, मूणत की जिद्द का परिणाम ▶▶|शेष पेज 13 पर



### अवैध थी चौपाटी, यूथ हब बनेगा : राजेश मूणत

पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा है, साइंस कालेज की चौपाटी अवैध रूप से निर्मित हुई है। यह एक दिन का विषय नहीं, विगत साढ़े तीन साल से वे इस मुद्दे को उठाते रहे हैं। रायपुर नगर निगम को मैंने पत्र दिया था कि एजूकेशन हब में अवैध चौपाटी का निर्माण किन शर्तों के तहत किया गया। स्मार्ट सिटी ने चौपाटी को यूथ हब बताकर निर्माण किया था। चौपाटी की जमीन नगर निगम की नहीं, बल्कि खेल विभाग की है। भाजपा के नेताओं ने अवैध चौपाटी निर्माण के विरोध में 12 दिनों तक प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा 29 लाख रुपए में दुकानों के संचालन के लिए एजेंसी को ठेका दिया गया। 60 दुकानों से हर महीने 25 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 13 पर

मेयर ने कहा

### किसी को बेरोजगार नहीं करेंगे

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महापौर मीनल चौबे ने कहा वर्तमान सरकार किसी को बेरोजगार नहीं करना चाहती, बल्कि व्यवस्थित रूप से व्यवस्था कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। चौपाटी के लिए जगह न होने पर भी स्मार्ट सिटी द्वारा खेल विभाग की जमीन पर निर्माण कराया गया था। इसमें 29 लाख वार्षिक आय होती थी। इसके लिए तीन साल का एग्रीमेंट भी हुआ था। महापौर मीनल चौबे ने कहा, ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद पर महिला से मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने एक व्यक्ति तथा अन्य के खिलाफ जमीन विवाद के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खोलीपारा गुढ़ियारी निवासी उषा गोयल ने पवन जांगड़े तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। उषा ने पुलिस को बताया कि जमीन विवाद के चलते पवन तथा अन्य ने उसके तथा उसकी मां के साथ मारपीट की। संजय जांगड़े ने प्यारी बाई जांगड़े तथा दो अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### उधार लेन-देन के विवाद पर युवक को पीटा

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ उधार लेन-देन के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खमतराई बसंत विहार कॉलोनी निवासी बसंत चावला ने मनोजानंद तिवारी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बसंत ने पुलिस को बताया कि मनोजानंद ने उधार रकम लेन-देन की बात को लेकर श्रीराम अस्पताल के सामने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की।

### खड़े ट्रैक्टर से 40 हजार की 5 बैटरी चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ खड़े ट्रैक्टर से 40 हजार रुपए कीमत की पांच नग बैटरी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवपुरी निवासी अशोक राव ने सेक्टर-13 कमल विहार में खड़े अपने ट्रैक्टर से अज्ञात चोर द्वारा बैटरी चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

## दो भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी को 10 वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व दो सगे भाइयों पर चाकू तथा हंसिया से जानलेवा हमला करने के आरोप में कोर्ट ने एक आरोपी को दस वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश दिग्विजय सिंह की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई है। घटना में शामिल एक अन्य किशोर की सुनवाई जुवेनाइन कोर्ट में चल रही है।



अतिरिक्त लोक अभियोजक जानकी बिलथरे के अनुसार कोर्ट ने नीतिश बंजारे उर्फ चिंटू को कैद की सजा सुनाई है। आपसी रंजिश पर नीतिश अपने नाबालिग साथी के साथ टीकम महेश्वरी के घर पहुंचा। टीकम तब अपने घर में सो रहा था। बदमाशों ने टीकम को सोते हुए से जगाया और उसकी आंख में मिर्च पावडर डाल कर चाकू तथा हंसिया से प्राणघातक हमला किया। अपने भाई को मारते देख टीकम का भाई सूरज बचाने के लिए गया, तो बदमाशों ने उसके सिर, कमर पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। दोनों भाई की मां की शिकायत पर पुलिस ने नीतिश तथा उसके साथी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### ओपन मेरिट से राज्य के छात्रों को नुकसान, सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी भी

## एमडी-एमएम प्रवेश की आवेदन प्रक्रिया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डोमिसाइल आधारित आरक्षण को असंवैधानिक बताकर हाईकोर्ट के फैसले के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमडी-एमएस प्रवेश की आवेदन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। इस फैसले पर चिकित्सक संगठन सकते में हैं और ओपन मेरिट से राज्य के छात्रों को नुकसान होने का तर्क दे रहे हैं। इस मामले में संगठन सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में हैं। राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेज में पीजी की करीब 566 सीट है।



चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पीजी प्रवेश नियम जारी करने के साथ मेडिकल कालेजों की सीटों पर प्रवेश के लिए नीट पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत की गई थी, जिसकी अंतिम तारीख 24 दिसंबर थी। शनिवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर इस आवेदन प्रक्रिया पर रोक लगा दिया है। इसकी वजह अपरिहार्य बताई गई है, मगर जानकारों का कहना है कि हाईकोर्ट द्वारा एक छात्रा के आवेदन पर सुनवाई के दौरान डोमिसाइल आधार आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए इस पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। प्रवेश योग्यता यानी मेरिट आधार पर किए जाने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग और चिकित्सक में सकते में हैं। उनका कहना है कि इस ओपन मेरिट से राज्य के छात्रों को नुकसान होगा। वर्तमान में शासकीय कालेजों की पचास फीसदी सीट राज्य कोटे और पचास फीसदी ऑल इंडिया कोटा के माध्यम से भरी जाती है। अभा. कोटे की सीट में किसी भी विश्वविद्यालय के छात्र दावेदारी ▶▶|शेष पेज 13 पर

## तीन दिन बाद ही तापमान में गिरावट के आसार शहर का मौसम सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रात में ठंड का प्रभाव कम होने की वजह से दिन में धूप तेज महसूस हो रही है। नवंबर के तीसरे सप्ताह में राज्य का मौसम अपनी सामान्य स्थिति में है। मध्य इलाकों में कम ठंड पड़ रही और उत्तरी हिस्से में इसका प्रभाव अधिक है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकार्ड किया गया।

- **तीन दिन बाद ही आने वाली हवा उत्तरी होगी, जो मौसम के मूड को बदलेगी**

एक दौर की जोरदार ठंड के बाद प्रदेश का मौसम अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। अभी दिन में धूप भले ही तेज है, मगर अधिकतम पारा अपनी सामान्य जैसी स्थिति में है। इसी तरह रात में शहर में सामान्य ठंड है और अंबिकापुर जैसे इलाके में इसका प्रभाव अधिक है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में जब तक पूर्वी हवा का आगमन होगा, तब



तक मौसम में बदलाव की गुंजाइश नहीं है। माना जा रहा है कि तीन दिन बाद ही आने वाली हवा उत्तरी होगी जो मौसम के मूड को बदलेगी। अभी दिन की तेज धूप के बाद रात की ठंड बिना गर्म कपड़े के निकल जा रही है। सर्द मौसम का अहसास सुबह-सुबह ही हो रहा है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के मौसम में उल्लेखनीय बदलाव नहीं हुआ। रात में सबसे ठंडा इलाका अंबिकापुर रहा और दिन में सबसे गर्म क्षेत्र माना को माना गया। अगले चौबीस घंटे में प्रदेश का मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में कड़ाके की ठंड दिसंबर और जनवरी के महीने में होती है।

### स्टूडेंट्स के लिए 1500 सीटें आरक्षित, 800 रुपए में मिलेंगे टिकट, आईडी कार्ड अनिवार्य

# 15 मिनट में बिके 18 हजार टिकट, अब 25 नवंबर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच के लिए टिकटों की पहली चरण की ऑनलाइन बिक्री शनिवार शाम 5 बजे शुरू हुई। बिक्री शुरू होते ही महज 15 मिनट में सभी उपलब्ध टिकट बिक गए, जिसके बाद वेबसाइट ने सोल्ड आउट दिखाना शुरू कर दिया। इससे लोगों को लगा कि पूरे स्टेडियम के टिकट खत्म हो गए हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने इस बार टिकट बिक्री को चरणों में विभाजित किया है। पहले चरण में 17 से 18 हजार टिकट ही बिक्री के लिए जारी किए गए थे, जो कुछ ही मिनटों में बुक हो गए। अब दूसरा चरण 25 नवंबर से शुरू होगा, जिसमें 40 हजार से अधिक टिकट ▶▶|शेष पेज 13 पर

### लोगों में दिखा विराट-रोहित को लाइव देखने का क्रेज पहले चरण में अपर-लोवर स्टैंड के टिकट सबसे पहले बिके



### *25 को शुरू होगी बुकिंग*

*पहले चरण में 17 से 18 हजार टिकट 15 मिनट के भीतर ही बिक गए हैं। अब दूसरा चरण 25 को शुरू होगा, जिसमें बचे हुए हजारों टिकट को खरीदने का मौका मिलेगा।*

*- विजय शाह, डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ*

### अब 24 से मिलेंगे फिजिकल टिकट

भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच के लिए फिजिकल टिकटों का वितरण 24 नवंबर से शुरू होगा। दर्शक बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम पहुंचकर क्यूआर कोड और आधार कार्ड दिखाकर अपने टिकट प्राप्त कर सकेंगे। स्टूडेंट्स के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्हें भी 24 नवंबर को इंडोर स्टेडियम जाकर टिकट खरीदना होगा। स्टूडेंट्स के लिए 1500 सीटें आरक्षित की गई हैं, जिनकी कीमत 800 रुपये रखी गई है। इस कैटेगरी के टिकट प्राप्त करने ▶▶|शेष पेज 13 परं

### लोगों में दिखा जबरदस्त उत्साह 70 प्रतिशत टिकट अब भी बाकी

रायपुर में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों को लाइव देखने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के मुताबिक पहले चरण में करीब 17 हजार टिकट बिक्री के लिए रखे गए थे, जिनमें अपर, लोअर, गोल्ड, सिल्वर और प्रीमियम कैटेगरी के टिकट शामिल थे। यह कुल सीटों का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा था। अब भी करीब 70 प्रतिशत सीटें बची हैं, जिन्हें दूसरे चरण में बुक किया जा सकेगा। पहले चरण में सबसे पहले अपर और लोअर स्टैंड्स के टिकट बिके, इसके बाद गोल्ड और सिल्वर के। टिकट बिक्री के लिए संघ ने एक आईडी पर अधिकतम 4 टिकट की सीमा तय की थी, जिससे ब्लैक मार्केटिंग पर लगाम लगाई जा सके। बात करें टिकट दरों की, तो इस बार जनरल स्टैंड की कीमतें 1500, 2500, 3000 और 3500 रुपये तक हैं, वहीं सिल्वर की 6000, ▶▶|शेष पेज 13 परं

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# सरदार @ 150 यूनिटी मार्च में शामिल होने आज नागपुर जाएंगे प्रदेश के युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशभर से चयनित 72 युवाओं (प्रत्येक जिले से 2) की टोली यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सरदार 150 यूनिटी मार्च में शामिल होने नागपुर (नर्मदा प्रवाह) में शामिल होने रविवार 12 बजे बस द्वारा रायपुर से रवाना होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव हरी झंडी दिखाकर टोली को खेल अकादमी के लिए रवाना करेंगे। यात्रा प्रभारी टिकेश साहू एवं सह प्रभारी प्रणय पाण्डेय होंगे। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, देश की एकता अखंडता व संप्रभुता के संस्थापक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर के सभी राज्य के जिलों से हजारों की संख्या में युवा शामिल होंगे। यूनिटी मार्च देश के प्रमुख चार केंद्रों से निकल रही है जिसमें प्रत्येक केंद्रों में 6-7 राज्यों के युवा शामिल होंगे। देशभर के सभी राज्यों के युवाओं को अलग-अलग केंद्रों से मार्च में शामिल होना है। श्री टिकरिहा ने बताया, युनिटी मार्च की यात्रा 24 नवबंर को नागपुर से बस द्वारा प्रारंभ होगी जो 25 नवंबर को बैतूल, 26 को इंदौर और 27 को गोधरा से आनंद करमसद पहुंचेगी। करमसद से एकतानगर तक युवा पदयात्रा में शामिल होते हुए 30 नवबंर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का सामूहिक अवलोकन कर वापस रायपुर आएंगे।



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

## 4 श्रम संहिता लागू करना मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मजदूर संगठनों के कड़े विरोध के बावजूद केंद्र सरकार कॉर्पोरेट हित में मजदूरों को गुलाम बनाना चाहती है। 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को रद्द करके 4 श्रम संहिता मनमानी पूर्वक थोपना श्रमिकों पर अत्याचार है। नया कानून मजदूरों के जीवन और आजीविका को संकट में डालने वाला है। उन्होंने कहा, श्रम नीति 2025 का मसौदा केवल कॉर्पोरेट परस्त नीतियों पर आधारित है मेहनतकश जनता के हितों के खिलाफ है। इस नई श्रम संहिताओं का आधार ही मजदूरों का शोषण और गुलामी है।

# बैज ने कहा- एसआईआर नागरिकों को परेशान करने के लिए हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऐसा लग रहा है, एसआईआर नागरिकों को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जब से प्रदेश में एसआईआर शुरू हुआ है, प्रदेश का हर मतदाता मानसिक रूप से परेशान है। लोग पहले की मतदाता सूचियों में अपने परिजनों का नाम ढूंढ रहे हैं, बीएलओ से अपना प्रपत्र देने की गुहार कर रहे, गणना प्रपत्र मिल भी गया, तो उसको भरने और जमा करने के लिए परेशान हो रहे हैं। ऐसा लग रहा कि एसआईआर आम आदमी को परेशान करने का जरिया सरकार ने बना दिया है। हर आदमी अपनी नागरिकता बचाने की कवायद में लगा हुआ है।

उन्होंने कहा, आयोग कहता है कि 97 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंच गया है। धरातल पर गणना पत्रक 25 प्रतिशत घरों तक नहीं पहुंचा है। जिनके घरों तक गणना पत्रक पहुंचा है, उसमें ये भी एक दो सदस्यों का गणना पत्रक मिल नहीं रहा है। एक ही घर में कई सदस्यों के गणना पत्रक अब तक नहीं पहुंचे हैं, चुनाव आयोग कागजी दावा कर रहा है। आरक्षित सीटों की संख्या कम करने आरक्षित वर्गों के नाम मतदाता सूची में काटने की साजिश से मतदाता चिंतित हैं। बीएलओ को भाजपा नेता कार्यकर्ता ठीक से काम करने नहीं दे रहे हैं। ऐसी शिकायत जगह-जगह से आ रही है। भाजपा के नेता बीएलओ पर अनुचित दबाव डाल रहे है।

■ गणना पत्रक वितरण को लेकर चुनाव आयोग कर रहा है कागजी दावा



### तिथि आगे बढ़ाएं- झा

छत्तीसगढ़ राज्य में बिहार चुनाव की भांति एसआईआर की प्रक्रिया प्रारंभ कर मतदाताओं की उपस्थिति की सत्यता की जांच की जा रही है। आम आदमी पार्टी कर्मचारी विंग के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बताया है कि निर्वाचन आयोग जल्दबाजी में एसआईआर की प्रक्रिया संपादित कर रहा है। इसमें दो पीढ़ियों की जानकारी मांगी जा रही है। विधानसभा, लोकसभा, पार्षद, महापौर चुनाव में मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 3 वर्ष शेष है। फिर इतनी हड़बड़ी में एसआईआर करने का औचित्य समझ से परे है। आगामी 4 दिसंबर तक अंतिम समय 9 दिसंबर को प्रथम प्रकाशन की तिथि से आम जनता मतदाता एवं ड्यूटी करने वाले कर्मचारी सभी परेशान हैं। यह तिथि आगे बढ़ाई जानी चाहिए।






# इन परंपराओं के बदले में मिलता है प्यार

अनेक ऐसी परंपराएँ, रस्में, रीति–रिवाज हैं, जिनके बिना विवाह अधूरे समझे जाते हैं और यही बात है कि पुराने जमाने से चली आईं ये परंपराएँ आज भी लोगों के बीच में पूर्ण रूप से निभाई जा रही हैं। चाहे बात बारात की अगवानी के समय दुल्हन द्वारा दूल्हेराजा के चेहरे पर चावल फेंकने की हो या फिर सासू माँ द्वारा अपनी प्यारी बहू की मुँहदिखाई की।

हर परंपरा, हर रस्म का अपना अंदाज होता है, अपना महत्व होता है। इन परंपराओं के बदले में मिलता है प्यार और लोगों का सत्कार। इसलिए आज भी लोग विवाह समारोह में इन्हें पूर्ण रूप से निभाना पसंद करते हैं। जूते दे दो, पैसे ले लो दूल्हे की सालियों ओ हरे दुपट्टे वालियों जूते दे दो पैसे ले लो... जीजा–साली की प्यारभरी नोकझोंक से भरा फिल्म हम आपके हैं कौन का यह गाना आपने जरूर सुना होगा। इसमें सालियाँ अपने प्यारे जीजाजी को परेशान करने के लिए उनके जूते छुपाती हैं और बदले में पैसों की माँग करती हैं।

लेकिन जीजा व उनके दोस्त अपनी नखरैली सालियों को छेड़ने के चक्कर में उन्हें पैसे नहीं देते और जूतों को ढूँढ़ने की कोशिश करते हैं। वैवाहिक समारोहों के ये रस्मो–रिवाज केवल फिल्मों में ही नहीं, अपितु आम जीवन में भी हंसी–ठिठोली के रूप में लोगों द्वारा निभते चले आए हैं।

**चावल फेंकना –** दूल्हे के स्वागत के समय दुल्हन स्वागत स्थल पर आकर दूल्हे का मुंह देखकर हल्दी के चावल उसके ऊपर फेंकती है, ताकि वह अपने भावी जीवनसाथी को विवाह पूर्व देख सके कि वह उसके अनुकूल है या नहीं।

**द्वाराचार –** द्वाराचार में वरपक्ष कन्यापक्ष से मिलता है, ताकि वे दोनों एक–दूसरे को समझ सकें। इस परंपरा का अर्थ है कि पूरे शहर में बारात को घुमाकर लोग यह जान जाएँ कि दूल्हा कैसा है, साथ ही जो बारात आई है वह तयशुदा है।

**जूते छुपाना –** सालियों द्वारा जीजाजी से नेग माँगने के चक्कर में जूते छुपाना काफी पुरानी परंपरा है। जिसमें सालियाँ जूते छुपाकर अपने जीजाजी से मुँहमाँगे पैसे लेती हैं। इस रस्म से दूल्हे का मूल्यांकन भी किया जाता है।

**मुँह दिखाई –** मुँह दिखाई की रस्म में सासू माँ व पड़ोस की महिलाएँ नववधू का घूँघट खोलकर उसे नेग देती हैं कि कहीं उनकी प्यारी वधू को नजर न लग जाए, इसलिए बलैया लेती हैं। यह परंपरा बहू के चेहरे को देखने के लिए शुरू की गई।

**द्वार रोकना –** षादियों में वर–वधू का द्वार सालियाँ व बहनें रोकती हैं। इसके चलते दूल्हे द्वारा उन्हें नेग दिया जाता है। इसका एक पक्ष ससुराल में बहन द्वारा अपनी भाभी से परिचय करना भी है, जिससे दोनों के बीच अपनत्व की भावना पनप सके।

**माँग भराई –** विवाह मंडप में पगफेरों के समय दूल्हा अपनी दुल्हन की माँग में बन्दन भरता है, ताकि वह सदा सुहागन रहे व समाज में उसकी पत्नी के रूप में जानी जाए। यानी प्रतीकात्मक रूप से दुल्हन द्वारा माथे पर सिंदूर लगाया जाता है कि वह शादीशुदा है।


















## खबर संक्षेप



### बाल दिवस पर बच्चों को बांटी पेन और चाकलेट

**अभनपुर।** बाल दिवस के उपलक्ष्य पर बालक प्राथमिक शाला अभनपुर में युवा कांग्रेस अभनपुर के महासचिव मणीसेन गहिरवारे ने बच्चो को कापी, पेन एवं चॉकलेट वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। इस मौके पर श्री गहिरवारे ने बच्चों को पढ़ाई के साथ संस्कार और अनुशासन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर योगेन्द्र घृतलहरे, देवेन्द्र कुर्रे, आकांक्षा बंजारे, साहिल बंजारे, गजेन्द्र निराला, वंश बघेल व स्कूल शिक्षक उपस्थित रहे।

### बाराडेरा तुलसी में सतनामी समाज की बैठक 24 को

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित बारा डेरा गुरु अमर दास दर्शन मेला जो की छरछेरा पुन्नी में हर वर्ष लगने वाले 3 दिवसीय गुरू दर्शन मेला को लेकर 24 नवंबर को 2 बजे गुरुद्वारा परिसर में गुरु अमर दास संत संघ समिति द्वारा मेला आयोजन को लेकर बैठक रखा गया है। जिसमें मेला बाजार के ठेका व अन्य विषय पर चर्चा किया जाएगा। वही मेला समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद कुर्रे ने संत समाज को बैठक में सम्मिलित होने की अपील किया।

### गायत्री देवी स्कूल के आनंद मेले में हुईं विविध स्पर्धाएं



**चंदखुरी।** गायत्री देवी आई.टी. स्कूल, नरदहा में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। बच्चों द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टॉल, खेल-प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और स्वादिष्ट व्यंजनों के काउंटर मेले का मुख्य आकर्षण बने। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रबंधक ज्ञान सिंह एवं प्राचार्य प्रीति वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

# चरौदा स्कूल में हुई अंगाकर रोटी बनाओ प्रतियोगिता, विजेता पुरस्कृत

## पहली से आठवीं तक की मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सुरक्षित शनिवार के तहत शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में अंगाकर पान रोटी बनाओ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़चढकर भाग लिया। इसके लिए शिक्षकों ने शाला के सभी बच्चों का चौदह अलग अलग समूह बनाए और उन समूहों को छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियां, स्वतंत्रता सेनानी और ग्राम के देवी-देवता के नाम पर नाम दिया।

सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यंजनो में से एक अंगाकर पान रोटी स्वयं बनाए। यह अनोखे प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोंडा राजिम की सेवानिवृत प्राचार्य ललिता अग्रवाल मुख्य अतिथि रही। वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम की एसएमडीसी व समाजसेवी देवकी साहू तथा ग्राम भिलाई के किसान नेता पारसनाथ साहू उपस्थित होकर इस अनोखे आयोजन की जमकर सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में सामुदायिक सहभागिता बढ़ती है।

बच्चे पाक कला के बारे में एक दूसरे से सीखते है। साथ ही बच्चों के प्रतिभा को अवसर मिलता है।आगे उन्होंने कहा समय के साथ साथ यह पारंपरिक रोटी बनाने का प्रचलन कम हो रही है। छत्तीसगढ़ की खास व्यंजनों में शुमार है अंगाकर पान रोटी।

### टमाटर की चटनी के लिए आनंद

शाला के वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया इस प्रतियोगिता में बच्चों ने खूब उत्साह से भाग लेते हुए पान रोटी और टमाटर चटनी का जमकर लुफ्त उठाया। प्रतियोगिता में महानदी ग्रुप प्रथम, चंडी माता ग्रुप द्वितीय तथा शिवनाथ नदी ग्रुप तृतीय स्थान पर रही।सभी विजेताओं को शालेय प्रबंधन की ओर से उपहार तथा प्राचार्य ललिता अग्रवाल की ओर से सभी टीम को सौ सौ रुपए नकद राशि भेंटकर पुरस्कृत किया। साथ ही इस शिक्षा सत्र में कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र छात्राओं को प्रवीण्य सूची में आने पर एक हजार रूपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी किए।



### गोबर के कंडे में सेंककर बनाया

इसे गोबर के कंडे में सेंककर पकाया जाता है। इसे पकाने के लिए परसा, केला, कसही, सरई, अंडी जैसे औषधि पौधे के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। यह बिना तेल, मिर्च, मसाला के आसानी से बनाया जा सकता है। गोबर के कंडे के अंगार में पकाने के कारण ही अंगाकर पान रोटी कहा जाता है। पहले लोग इस रोटी को सुबह नास्ता के रूप में करते थे।पर समय के साथ साथ, धीरे धीरे यह रोटी का प्रचलन कम होते जा रहा है।

## गड़बड़ी : टेकारी मंडी में 400 कट्टा रबी फसल के धान खरीदी किसानों से धोखाधड़ी

# टेकारी मंडी में पुराना धान खरीदी पर मचा बवाल, सरपंचों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

राजधानी रायपुर से लगा हुआ प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति टेकारी में बीते दिनों कर्मचारियों के मिलीभगत से लगभग 400 कट्टा रबी फसल का पुराना धान का क्रय कर लिया गया। इस मामले की जब किसानों ने एवं आस पास के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों से लिखित शिकायत दर्ज कराया तो मामले में गोल मटोल करते हुए शनिवार सुबह शिकायत करता किसानों एवं सरपंचों को उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में जाँच कराने की बात कहा गया था।

जब किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस मामले की जानकारी स्वयं उच्च अधिकारियों को दी तब घंटो इंतजार के बाद इसमें पंचनामा कार्यवाही हुआ।

ग्राम पंचायत छपोरा के सरपंच राजकुमार भारती , पूर्व सरपंच श्री मोतीलाल साहू सहित किसानों ने टेकारी धान मंडी में पुराने धान खरीदी करने का लिखित शिकायत किया है। इस मामले को उजागर करते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री व सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा ने बताया कि एक तरफ हमारी सरकार दूसरे राज्यो से परिवहन कर हमारे राज्य में ला रहे धान को रोकने के लिए जगह जगह बेरिकेट्स लगाकर उस पर कार्यवाही कर रहा है अब तक हजारों टन धान पकड़ा जा चुका है किंतु वही दूसरी तरफ अधिकारियों व कर्मचारियों के मिलीभगत से पुराने धान को खरीदी करने का यह नए तरीके का मामला सामने आया है जो संगीन अपराध है, इसमें आस पास गाँव के अपराधी किश्म के कुछ लोग इस अपराध में कर्मचारियों के साथ साठ गांठ कर इस कुकृत्य को कर रहे है।



### मेरी जानकारी में नहीं

समिति प्रबंधक बसंत ने कहा कि मैं अपने प्रमुख मागों को लेकर आंदोलन में था और किसने पुराना खरीदा धान खरीदा है वह मेरे जानकारी में नहीं है ।

### जांच में टालमटोल करने का आरोप

इस मामले के बारे में भाजपा विधान सभा मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि जिस तरीके से इस मामले की जाँच में अधिकारी टाल मटोल कर रहे है इससे यह स्पष्ट होता है कि इसमें अधिकारियों की कार्यशैली भी संदेहात्मक है। इस पंचनामा कार्यवाही के दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री अशोक सिन्हा ,भाजयुमो नेता सूरज टंडन , टेकारी सरपंच चंद्रकांत वर्मा , भाजपा विधानसभा मंडल के पूर्व अध्यक्ष भरत सोनी , उपाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा , छपोरा सरपंच व किसान राजकुमार भारती , किसान मोतीलाल साहू , रामेश्वर वर्मा , राजेंद्रपुरी गोश्वामी , पंच विनय वर्मा , अजय टंडन , संत सोनवानी , आकिब खान सहित सैकड़ों की संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे।

# 8 फरार वारंटियों का चालान कोर्ट में पेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

थाना अभनपुर पुलिस द्वारा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लंबे समय से न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने वाले स्थाई वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंट धारकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम ने दबिश देकर कुल 8 आरोपियों को हिरासत में लिया है जिसमे स्थाई वारंटी आरोपी गंगाराम ढीमर पिता होमनाथ ढीमर गोतियारडीह,घनश्याम ध्रुव पिता विजय ध्रुव उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम तरी थाना गोबरा नवापारा,दुष्यंत ध्रुव पिता खेतीधारी ध्रुव निवासी औरी थाना कुरूद जिला धमतरी, बिना बाई पति महेंद्र कुर्रे निवासी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद,श्रीमती विशाखा बाई पति रंजीत पुरैना निवासी बकली थाना राजिम जिला गरियाबंद है वही गिरफ्तारी वारंट आरोपी शिवकुमार गिलहरे पिता बिरझू, निवासी छोटे उरला थाना अभनपुर,छबिलाल साहू पिता चुनुलाल साहू, निवासी ग्राम परसूलीडीह ,मोहम्मद कलाम पिता मोहम्मद भोला खान निवासी ऊपरपारा अभनपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे तथा न्यायालय में उपस्थित होने से बच रहे थे। अभियान के तहत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रायपुर न्यायालय में पेश किया गया है। ऐसे वारंटियों और फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### सौ साल पुराने .....

चिंताजनक है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि लगभग 50 प्रतिशत पेड़ पूरी तरह सूख चुके हैं। इस शिफ्टिंग में रेलवे ने लाखों रुपए खर्च किए थे। शिफ्टिंग के बाद नियमित सिंचाई और देखरेख नहीं होने से बारिश का पानी भी इन पेड़ों को जीवन नहीं दे सका। बबूल, बेल, बरगद और नीम जैसे पेड़ सूखे हुए मिले। पेड़ स्थानांतरित करने के बाद शुरुआत के दिनों में पेड़ में ध्यान दिया गया, लेकिन बाद में यह नियमित देखभाल के अभाव से इन पेड़ों से अब जान निकल चुकी है। बता दें कि रेलवे ने पेड़ों को शिफ्टिंग के लिए आधुनिक तकनीक से जुड़ी एजेंसी से मदद ली थी। दावा था कि पेड़ जीवन रहेंगे, लेकिन सालभर से अधिक टिक नहीं पाए। आधा दर्जन से अधिक पेड़ वर्तमान में सूख चुके हैं।

### इस तरह रेलवे ....

की थी। कई पेड़ों की जड़ें 5 से 10 मीटर लंबी थीं। लगभग 7 से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद पेड़ों को जड़ों के साथ निकाला गया और फिर दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया था।

### साइंस कालेज की ....

पर नालंदा 5 लाइब्रेरी बनाने की योजना पर तेजी से काम शुरू हुआ। नवंबर 2025 में नगरीय प्रशासन विभाग ने नालंदा 2 का टेंडर पूरा होने की जानकारी दी और 15 नवंबर से चौपाटी शिफ्टिंग की तारीख घोषित की, लेकिन उससे पहले ही रेलवे ने 32 दुकानदारों को नोटिस भेजकर उस जमीन पर अपना दावा जता दिया। विवाद के

पेज 11 के शेष...

बाद नगर निगम और रेलवे के बीच बातचीत का दौर चला।

### कांग्रेस ने कहा....

आरोप लगाया कि विधायक राजेश मुणत की हठधर्मिता के कारण चौपाटी को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है, जिससे युवाओं की सुविधा छीन ली गई। विकास उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार का यह कोई नया रवैया नहीं है। पत्रकार वार्ता में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा पूर्व महापौर प्रमोद दुबे पंकज शर्मा कन्हैया अग्रवाल ,आकाश शर्मा, आकाश तिवारी ,श्री कुमार मेनन नागभूषण राव, सुंदर जोगी, सतनाम पनाग, बंशी कन्नौजे, इंद्रजीत राजपूत, श्रीनिवास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जमकर विरोध....

श्री उपाध्याय जेसीबी के सामने लेट गए। विरोध प्रदर्शन के बीच हंगामा हुआ, प्रदर्शनकारियों ने जेसीबी की चाबी छीन ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक हटाया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झूमाझटकी भी हुई। विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के पूर्व विधायक और कांग्रेसियों को घसीटते हुए पुलिस उठाकर ले गई।

### मूणत के घर .....

है कि सैकड़ों परिवार की आजीविका प्रभावित हो गई। उन लोगों के घर खाने की दिक्कत होगी, उनके रोजमर्रा के जीवन में जमा खर्च प्रभावित होगा। स्काई वॉक के नाम पर राजेश मूणत ने अपनी हठधर्मिता का परिचय दिया है।

### किसी को बेरोजगार ....

रेलवे विभाग से चर्चा कर सहमति मिलने के बाद आगे व्यवस्थापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि प्रभावितों को सहूलियत मिल सके। पत्रकार वार्ता में नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एमडी-एमएम.....

कर सकते हैं। राज्य कोटे की सीटों पर स्थानीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पढ़ने वालों को एडमिशन दिया जाता है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर स्थानीय छात्र सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में हैं।

### 15 मिनट में बिके ....

ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे दर्शकों को एक बार फिर टिकट खरीदने का मौका मिलेगा। दूसरे चरण में टिकटों की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा। इसकी बिक्री भी शाम के वक्त ही शुरू होगी।

### अब 24 से मिलेंगे .....

के लिए छात्र पहचान पत्र (स्टूडेंट आईडी कार्ड) दिखाना अनिवार्य होगा। बिना आईडी कार्ड के टिकट नहीं दिए जाएंगे।

### लोगों में दिखा ....

गोल्ड की 8000, प्लैटिनम की 10,000 और कॉर्पोरेट बॉक्स के टिकट 20,000 रुपये रखे गए हैं।



# नवदुर्गोत्सव समिति की बैठक में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत

**आरंग।** समिति की आम बैठक शुक्रवार को चौबे फार्म हाउस, खरोरा रोड आरंग में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत दिवाली मिलन कार्यक्रम से हुई, जिसमें मनीष गुप्ता द्वारा सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराया गया। इसके बाद संरक्षक एवं पुरोहित संदीप शर्मा की अनुमति से समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने वर्ष 2025 का आय–व्यय विवरण प्रस्तुत किया। आरंग नगर के गौरव लल्ला साहनी को सैक्सोफोन, क्लारनेट एवं घंटी तरंग में छत्तीसगढ़ प्रदेश किंग की उपाधि तथा नवदुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष रहते हुए निरंतर सेवा देने के लिए शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आगामी माह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का आभार व धन्यवाद वरिष्ठ सदस्य हरीश दिवान द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में संरक्षक संदीप शर्मा, पंकज शुक्ला, संतोष चंद्राकर, समिति के अध्यक्ष लल्ला साहनी, उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव जोगेंद्र ठाकुर तथा वरिष्ठ सदस्य नरेश चौबे, श्रवण अग्रवाल, अधिवक्ता रीति शर्मा सोनपिपरे, हरीश दिवान, आदित्य शुक्ला, आचार्य अजीत शर्मा, डॉ. मनोज चंद्राकार, पन्ना देवांगन, भोला सोनी, सत्यनारायण देवांगन, उपेंद्र साहू, नरसिंह साहू, सोहन धुरंधर, विष्णु साहू, रामकुमार साहू, नरेंद्र साहनी, मनोज लोधी, पुरुषोत्तम, पंकज साहू, श्याम निषाद, सचिन साहू, भव्य चंद्राकर, दिलीप साहू, नीरज शुक्ला, वरुण मिश्रा, रोशन तिवारी, अनमोल ठाकुर, अनुराग ठाकुर, आयुष साहू, शुभ गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# विज्ञान शिक्षकों की कार्यशाला में प्रयोगात्मक अवधारणाओं पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के दिशा-निर्देशन में आज आरंग बीआरसीसी शैक्षिक हॉल में पूर्व माध्यमिक स्तर के विज्ञान शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण मासिक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विज्ञान शिक्षण को केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि अधिक प्रभावी, रोचक और प्रयोगात्मक बनाना था, ताकि छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक समझ को गहरा किया जा सके। कार्यशाला में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की साक्षी परिहार और संकुल समन्वयक गण ने मुख्य रूप से शिक्षकों के साथ संवाद किया। चर्चा का केंद्र बिंदु विज्ञान विषय को रोचकता से पढ़ाने के नवीन तरीके, विषय की प्रयोगात्मक अवधारणा, सटीक अवलोकन, परीक्षण और बच्चों में निहित खोजी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना रहा। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक सोचने का तरीका है, जिसे दैनिक जीवन के उदाहरणों से जोड़ा जाना चाहिए। शिक्षक समूह कार्य के माध्यम से अपने शिक्षण अनुभव साझा किए, जिससे सहकर्मी शिक्षण को बढ़ावा मिला। उन्होंने मिलकर पुरानी और नई पाठ्यपुस्तकों के बीच के अंतरों का विश्लेषण किया और सामग्री को पढ़ाने के लिए सबसे उपयुक्त तरीकों पर चर्चा की। गहन विचार-विमर्श के पश्चात निष्कर्ष परिणाम निकाले गए तथा विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और तर्कशक्ति को बढ़ाने के लिए एक विस्तृत और ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। इस सफल आयोजन से क्षेत्र में विज्ञान शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार आने की आशा है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक हरीश दीवान, जीतेंद्र शुक्ला, शिक्षक गण भावना वैष्णव, चित्रा देवांगन, कल्याणी देवांगन, बसंती सोनकर, घनश्याम साहू, चारूलता साहू, चंद्रकांता चंद्राकर, सविता चंद्राकर, हेमा बंजारे, शशिकला ढीढी, ममता तांडव, डीलेश्वर साहू, भीखमा साहू, जसप्रीत कौर, संजय चंद्राकर, परमानंद जलक्षत्रि, नरोत्तम ध्रुव, कुशल ध्रुव, अर्चना भगत, ममता डडसेना आदि की सहभागिता रही।

## ग्राम पंचायत रैता में प्रदूषण नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही पर कार्रवाई नहीं

# संयंत्र के कैमिकल युक्त पानी से रैता की जमीन हो रही बंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

औद्योगिक विकास की भारी कीमत स्थानीय किसानों को चुकानी पड़ रही है। धरसींवा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैता स्थित एक उद्योग द्वारा फैलाए जा रहे भीषण प्रदूषण व कैमिकल युक्त पानी ने किसान ललित यदु और ईश्वर यदु की हजारों रुपये की लहलहाती फसल को पूरी तरह चौपट कर दिया है। किसानों का आरोप है कि फैक्ट्री से निकलने वाले डस्ट और केमिकल युक्त पानी ने उनकी पूरी उपज नष्ट कर दी है। ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से 06 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत रैता है जंहा उपजाऊ भूमि और किसानों की खेती के बीच एक उद्योग स्थापित है जिसके प्रदूषण व कैमिकल युक्त पानी अब किसानों की खेती में बाधा आ रही है ,पीड़ित किसानों ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल पर काफी पूंजी और मेहनत लगाई थी, लेकिन फैक्ट्री के दूषित अपशिष्ट के कारण खेत की मिट्टी और पौधे जहरीले हो गए। परिणामस्वरूप, पूरी फसल सूख गई और बर्बाद हो गई। किसानों को हजारों रुपये का सीधा आर्थिक नुकसान हुआ है, जिससे उनके परिवार की आजीविका पर संकट आ गया है।







### मुआवजा के लिए तहसीलदार से लगाई गुहार

अपने नुकसान और फैक्ट्री के उपेक्षापूर्ण रवैये से आहत होकर किसान ललित यदु और ईश्वर यदु ने न्याय के लिए तहसीलदार से गुहार लगाई है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि फैक्ट्री प्रबंधन को तत्काल प्रदूषण फैलाने से रोका जाए और उनकी बर्बाद हुई फसल का उचित और समय पर मुआवजा दिलाया जाए। स्थानीय किसान संगठनों और पर्यावरणविदों ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई है तथा मामले की प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जांच की मांग की है।

### उद्योग प्रबंधन का गैर-संवेदनशील रवैया

जब इस गंभीर क्षति को लेकर हरिभूमि व किसान ने फैक्ट्री प्रबंधन से बात की तो उनका रवैया अत्यंत बड़बोला और गैर-संवेदनशील रहा इस उद्योग से जुड़े जिम्मेदार लोगों ने कहा, फैक्ट्री लगी है तो धुएं तो निकलेंगे और कुछ फसल बर्बाद तो होंगे ही। दे देंगे किसान को फसल का मुआवजा। उद्योग प्रबंधन का यह बयान न केवल उनके गैर-जिम्मेदाराना आचरण को दर्शाता है, बल्कि यह भी स्थापित करता है कि वे जानबूझकर प्रदूषण नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और किसानों के नुकसान को मामूली बात समझते हैं। यह 'मुआवजा दे देंगे' वाला लापरवाह दृष्टिकोण औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषण फैलाने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करता है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भवन क्रमांक 676, को श्रीमती रंजना जाधव पति श्री अमोल कृष्णराव जाधव एवं श्री अमोल कृष्णराव जाधव पिता श्री कृष्णराव जाधव के संयुक्त नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 04.03.2016 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती रंजना जाधव पति श्री अमोल कृष्णराव जाधव एवं श्री अमोल कृष्णराव जाधव पिता श्री कृष्णराव जाधव निवासीः– दैहान चौंक, विश्वकर्मा भवन के पास, सेजबहार रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सत्यनारायण चन्द्राकर पिता श्री छोटन लाल चन्द्राकर निवासीः- ब्लॉक कॉलोनी आरंग, थाना व तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित भवन क्रमांक 676, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती नर्मदा देवांगन उम्र 53 वर्ष पति श्री टीकराम देवांगन निवासी सर्वोदय नगर पचपेड़ी नाका रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492001 ने विक्रेता डॉ. सरोज गंधर्व उम्र 56 वर्ष पिता श्री बी. आर. चौहान निवासी राधाकृष्ण मंदिर के सामने छत्तीसगढ़ नगर संजय नगर टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की आवासीय परिवर्तित भूमि जो कि ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं.-105/59, रा.नि.म. रायपुर 13 तहसील व जिला रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 67 भक्त माता कर्मा वार्ड जोन नंबर 05 मुस्कान रेसीडेंसी गली, श्रद्धा चौक शिव नगर न्यू चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. में स्थित आवासीय भूमि जिसका पुराना खाता क्रमांक 1881 व खसरा नंबर 205/20, 206/20, 207/9, 217/7, 217/8, 217/13 का भाग है जिसका नया वर्तमान खाता क्रमांक 2382 व नया खसरा नंबर 217/53 कुल रकबा 0.0121 हेक्टेयर 26x50= 1300 वर्गफुट अर्थात 120.81 वर्गमीटर भूमि पर जिसमें 1200 वर्गफीट में पक्का मकान निर्मित है तथा 100 वर्गफीट शेष भूमि है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है। मात्र विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के क्रय-विक्रय से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, वित्तीय एवं निजी संस्थान, शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालय व निकाय को कोई दावा आपत्ति हो तो अपनी आपत्तिमय दस्तावेज 7 दिवस के अंदर स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करें। मियांद अवधि के बाद किसी का कोई दावा आपत्ति एवं दावा आपत्ति के संदर्भ में प्रकाशन मान्य नही होगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा तथा मेरा पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन करा लेगा।

**सो सूचना जाने।**

दिनांक 22-11-2025
स्थान- रायपुर छ.ग.

**प्रदीप कुमार देवांगन (अधिवक्ता)**
**गायत्री मंदिर के पास, 10 नल,**
**बोरिया रोड संतोषी नगर**
**रायपुर (छ.ग.) 492001**

**ईश्तहार**

मै मूल चंद जैन पिता अमरचंद कोटडिया रायपुर छ.ग. वर्तमान निवासी डी-244, नानेश तिराहा के पास, आर आई टी ई ई इस्टीट्यूट के सामने शैलेन्द्र नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ-

यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड क्रं. 5132 9945 8428 जारी किया गया था जिसमें मेरा नाम मूल चंद कोट-डिया (जैन) पिता अमरचंद कोटडिया पता डी-244, नानेश तिराहा के पास, आर आई टी ई ई इंस्टीट्यूट के सामने शैलेन्द्र नगर अंकित था आधार कार्ड में सुधार के बाद अब मेरा नाम मूलचंद जैन पिता अमरचंद कोटडिया पता डी-244, नानेश तिराहा के पास आर आई टी ई ई इंस्टीट्यूट के सामने शैलेन्द्र नगर अंकित किया जा चुका है। यह कि मेरे नाम से आयकर विभाग के द्वारा पेन कार्ड क्र ACOPK2182R जारी किया गया था जिसमे मेरा नाम मूल चंद कोटडिया पिता अमरचंद कोटडिया दर्ज था। पेन कार्ड में सुधार के बाद अब मेरा नाम मूलचंद जैन पिता अमरचंद कोटडिया अंकित किया जा चुका है।

यह कि मेरे द्वारा इन्द्रप्रस्थ मेडिकल कार्पोरेशन लिमिटेड का अंश पत्र (शेयर) क्रमशः 88715, 88716, 88717, 83718, 88719, 88720, 88721, 88722, 88723, 88724 जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम मूल चंद जैन दर्ज है। यह कि इस प्रकार मूलचंद कोटडिया (जैन) एवं मूल चंद कोटडिया तथा मूल चंद जैन तीनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है जिसके सत्यता में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है, भविष्य में कोई भी वाद विवाद होता है तो उसकी संपूर्ण जबाबदारी मेरी होगी। यह की मुझको मूलचंद जैन पिता अमर चंद कोटडिया पता डी-244, नानेश तिराहा के पास, आर आई टी ई ई इंस्टीट्यूट के सामने, शैलेन्द्र नगर के नाम से जाना जाय

शपथकर्ता-मूलचंद जैन

## खबर संक्षेप

### हाईटेक संक्रमण नियंत्रण के लिए सिम्स और एसईसीएल के बीच एमओयू

रायपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर ने स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए प्रदेश में एक नया इतिहास रच दिया है। सिम्स प्रदेश का पहला ऐसा मेडिकल कॉलेज बनने जा रहा है, जहां अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर आधारित एयर प्यूरीफिकेशन एवं स्टरलाइजेशन सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इस अत्याधुनिक तकनीक की स्थापना हेतु सिम्स और एसईसीएल के बीच शनिवार को एमओयू हुआ। समझौते पर सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति तथा एसईसीएल के जीएम सीएम वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह अत्याधुनिक प्रणाली अस्पतालों में मौजूद पारंपरिक फिल्टर या सामान्य एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम से कई गुना अधिक प्रभावी मानी जाती है। इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं कि यह अस्पताल की हवा में मौजूद वायरस, बैक्टीरिया, फंगल स्पोर्स सहित सूक्ष्मजीवों को 99 प्रतिशत तक निष्क्रिय करने की क्षमता रखता है। आईसीयू, ओटी, वार्ड व ओपीडी में संक्रमण नियंत्रण के लिए अत्यंत प्रभावी, ऊर्जा की बचत और लंबे समय तक स्थायी रूप से संचालन योग्य, वायु गुणवत्ता को मेडिकल-ग्रेड स्तर तक शुद्ध करने की क्षमता है।

### एंटीबायोटिक दवाओं के तर्कसंगत उपयोग पर कार्यक्रम

रायपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के फार्माकोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (प्रतिरोध) जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फार्माकोलॉजी विभाग के लेक्चर हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी ने किया।उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक का तर्कसंगत उपयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि एंटीबायोटिक का अनुचित या बिना आवश्यकता के प्रयोग किया जाता है, तो रेजिस्टेंस (प्रतिरोध) का खतरा बढ़ जाता है। फार्माकोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा जोशी ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस वह स्थिति है, जब बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी जैसे सूक्ष्मजीव, दवाओं (जैसे-एंटीबायोटिक्स) के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं, जिससे संक्रमण का इलाज करना मुश्किल या असंभव हो जाता है।

## निधन

### सुनील कुमार जोसफ



रायपुर। न्यू शांति नगर निवासी जल संसाधन विभाग से सहायक अभियंता (एई) सुनील कुमार जोसफ का 22 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार टिकरापारा सेंटपॉल कब्रिस्तान में किया गया। वे युगांक जोसफ एवं सुरभि साहिल देव के पिता, जयश्री जोसफ एवं साहिल देव के ससुर और शिवेन्द्र एवं दीप्ति के मौसा, ईशांक, शशांक, सौम्या, इशिका, विनय एवं रेनू के बड़े पापा थे।

### प्रमोद कुमार साठे



रायपुर। दीनदयाल नगर सेक्टर 3 निवासी प्रमोद कुमार साठे का 22 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नीलिमा के पति और देवव्रत साठे, देवश्री साठे के पिता एवं प्रद्युम्न साठे के भाई थे।

# रीयल एस्टेट का कारोबार भी हो जाएगा चौपट, नई गाइडलाइन के बाद मकानों का बिकना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में जमीन की नई गाइडलाइन के बाद अब रीयल एस्टेट का कारोबार भी चौपट होने की स्थिति में आ गया है। वैसे भी रीयल एस्टेट में लंबे समय से निवेशक निवेश नहीं कर रहे हैं। जिस तरह से सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है, उससे घरों और जमीन में निवेश करने वाले सोने और चांदी की तरफ चले गए हैं। यही कारण है कि इस बार त्योहारी सीजन में मकान और प्लाट भी कम बिके हैं। अब तो और स्थिति खराब हो जाएगी। इसी के साथ संयुक्त रूप से जमीन लेने का सौदा भी महंगा हो गया है। ऐसा करने से दो करोड़ की जमीन की रजिस्ट्री साढ़े छह करोड़ की कीमत पर करानी होगी।

## संयुक्त रूप से जमीन लेना भी अब संभव नहीं

### मकान खरीदना-बेचना महंगा सौदा

मकानों में निवेश करने वाले पहले मकान लेने के बाद उसको एक-दो साल रखकर कीमत बढ़ने पर बेचे देते थे, लेकिन अब यह सौदा आसान नहीं रह गया है। अब अगर कोई चाहे कि उसने कोई 50 लाख का मकान लिया है और उसके दाम 60 लाख हो गए हैं और वह उसको बेच दे तो यह आसान नहीं होगा। क्योंकि जिस क्षेत्र में वह मकान है, वहां पर अगर जमीन की कीमत ही 50 से 60 लाख रुपए हो गई है तो रजिस्ट्री में बहुत ज्यादा पैसा लग जाएगा। पहले बाजार मूल्य से जमीन की कीमत कम रहने पर आसानी से थोड़ा फायदा देखकर निवेशक मकान बेच देते थे, लेकिन अब मकान की रजिस्ट्री में ज्यादा फटका लगने के कारण बार-बार मकान का सौदा करना संभव नहीं होगा। बिल्डरों का कहना है नए मकानों की बिक्री में भी परेशानी होगी, क्योंकि जमीन की कीमत ज्यादा होने पर मकान की कीमत से ज्यादा मूल्य पर रजिस्ट्री करानी पड़ेगी तो ग्राहक इसके लिए तैयार नहीं होंगे।



### संयुक्त जमीन का सौदा बड़ा महंगा

जमीन का कारोबार करने वाले बता रहे हैं कि अब संयुक्त रूप से जमीन खरीदना भी संभव नहीं होगा। पहले तीन लोग मिलकर एक एकड़ जमीन ले लेते थे। बाद में इसको दाम ज्यादा होने पर बेच भी देते थे। या फिर और जमीन लेकर काई योजना प्रारंभ कर देते थे। अब अगर एक एकड़ जमीन के दाम किसी क्षेत्र में दो करोड़ रुपए हैं और वहां पर वर्ग फीट में जमीन के दाम 15 सौ रुपए हैं तो एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री साढ़े छह करोड़ रुपए में होगी। क्योंकि तीन नाम से रजिस्ट्री होने के कारण 15-15 हजार वर्ग फीट के हिसाब से ही रजिस्ट्री होगी। ऐसे में दो करोड़ की जिस जमीन पर रजिस्ट्री के लिए करीब दस फीसदी के हिसाब से 20 लाख लगने चाहिए, उसके स्थान पर 65 लाख रुपए लग जाएंगे। ऐसे में अब संयुक्त रूप से जमीन की खरीदी भी बंद हो जाएगी।

रीयल एस्टेट में वैसे भी लंबे समय से मंदी का दौर चल रहा है। ऐसे समय में जब केंद्र सरकार ने जीएसटी का नया स्लैब बनाया, तो सीमेंट के साथ ही बिल्डिंग मटेरियल के सामान की जीएसटी का स्लैब बदलने के बाद मकानों के सस्ते होने का रास्ता खुला। इसी के साथ किसी भी योजना में पहले 30 फीसदी स्थान में फ्लैट बनाने की मंजूरी को बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया गया है, तो इससे भी मकानों की लागत कम हो गई है, लेकिन अब जिस तरह से नई गाइड लाइन आई है उसको लेकर बिल्डर परेशानी में पड़ गए हैं।

## गंभीर तथ्य सामने आने पर एनआईए अलग से जांच करेगी

# एनआईए कर रही आईएसआईएस में एटीएस जांच की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पाकिस्तान माड्यूल के आईएसआईएस नेटवर्क की जांच कर रही एटीएस की टीम माना बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचकर अलग से कमरे में लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक दोनों किशोरों को माना बाल संप्रेक्षण गृह में कड़ी सुरक्षा में अलग कमरे में रखा गया है। जिस कमरे में किशोरों को रखा गया है, उस कमरे के आसपास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। जिस कमरे में बच्चे रह रहे हैं, उस कमरे में संप्रेक्षण गृह प्रभारी के अलावा बच्चों की सुरक्षा में तैनात प्रहरियों को जाने की अनुमति है।

- ब्रेनवाश कर किशोरों को कहा था कि भारत को खत्म करने के बाद चीन पर कब्जा जमाएंगे

पाक हैंडलर के कब्जे में आतंकवाद की ट्रेनिंग ले रहे बच्चों से पूछताछ में एटीएस को जो तथ्य मिल रहे हैं, उन तथ्यों को एटीएस की टीम एनआईए को शेयर कर रही है। एनआईए एटीएस द्वारा जुटाए तथ्यों की अपने एंगल से जांच कर रही है। गंभीर तथ्य सामने आने पर आतंकी नेटवर्क की एनआईए अलग से जांच करेगी। फिलहाल एटीएस इस बात की जांच कर रही है कि पकड़े गए किशोरों के संपर्क में राज्य के कितने लड़के थे। जो लड़के किशोरों के संपर्क में थे, उन लोगों को पाक हैंडलर के इशारे पर दोनों लड़के किस तरह से ब्रेनवाश कर रहे थे, एटीएस इस बात की जांच कर रही है।

### सोशल साइट की निगरानी बढ़ाई गई

बच्चों के आतंकी कनेक्शन सामने आने के बाद एटीएस के साथ साइबर सेल ने सोशल मीडिया की निगरानी पहले से और ज्यादा तेज कर दी है। संदिग्ध अकाउंट का आईपी एड्रेस निकालकर लिंक की जांच कर रही है। इसके अलवा संदिग्ध अकाउंट को सर्विलांस में लेकर अलग से जांच की जा रही है। जिन सोशल साइट को जांच के दायरा में एटीएस तथा साइबर सेल ने रखा है, उसमें इंस्टाग्राम प्रमुख है।




### भारत के बाद चीन पर कब्जा करने का झांसा

पाकिस्तान में बैठे आतंकी नेटवर्क ने दोनों बच्चों को इस बुरी कदर प्रभावित कर लिया था कि उन्हें पाकिस्तानी आतंकियों की हर बात सच लगने लगी थी। पाकिस्तानी आतंकियों ने दोनों बच्चों को विश्वास दिया दिया था कि आगामी पांच से दस साल में भारत में उनका कब्जा होगा। भारत में कब्जा करने के बाद चीन पर कब्जा करने जैसे सब्ज बाग दिखाए।

### पाक हैंडलर के कई और स्लीपर सेल होने का संदेह

एटीएस को आशंका है कि पाक हैंडलर ने जिस तरह से रायपुर, भिलाई के दो बच्चों को अपने गिरफ्त में लिया है, इसी तरह पाक हैंडलर द्वारा कई और बच्चों को टार्गेट किया होगा। सूत्रों के मुताबिक एटीएस पांच हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट की निगरानी कर रही है। जिन पर ज्यादा संदेह है, उनकी मैन्युअल मॉनिटरिंग की जा रही है।

### आतंकी नेटवर्क बच्चों को देने वाला था बड़ी जिम्मेदारी

पाक हैंडलर दोनों बच्चों को पूरी तरह से अपने गिरफ्त में लेने के बाद उन्हें धर्म के नाम पर कई बड़े सपने दिखाकर सामान्य लोगों से पूरी तरह से काट चुके थे। सूत्रों के मुताबिक पाक हैंडलर ने दोनों किशोरों को अपने हम विचार वाले लोगों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क बढ़ाने प्रेरित किया करते थे। साथ ही जो उनके विचार से सहमत होते, उनकी जानकारी पाक हैंडलर बच्चों से मंगाते थे। सूत्रों के मुताबिक पाक हैंडलर दोनों बच्चों को राज्य में हिंसा फैलाने बड़ी जिम्मेदारी देने की फिराक में थे। बच्चे कोई बड़ी साजिश कर पाते, इसके पहले पकड़े गए। इस तरह से पाक में बैठे आतंकियों के मंसूबों पर पानी फिर गया।

# काशीराम नगर की लड़की की हत्या लाश अमलीडीह के खाली प्लाट में फेंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह, पुलिस कॉलोनी में शनिवार दोपहर एक किशोरी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका काशीराम नगर की रहने वाली थी। तीन दिन पूर्व वह घर से लापता हो गई थी, जिसकी पुलिस को लाश मिली है। मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात ने युवती के साथ मारपीट कर हत्या करने के बाद लाश खाली प्लाट में लाकर फेंक दी होगी। घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस तथा फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम जांच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने कोशिश कर रही है।

- प्रेम प्रसंग के कारण मारपीट कर हत्या किए जाने की आशंका

पुलिस के अनुसार जिस खाली प्लाट में किशोरी की लाश मिली है, वह पुलिस कॉलोनी के पास ही है। दोपहर के समय एक बकरी चराने वाले ने खाली प्लाट में किशोरी को मृत हालत में देखा, तो उसने पुलिस कॉलोनी के स्टाफ को लाश मिलने की सूचना दी। पुलिस स्टाफ से जुड़े पुलिसकर्मी ने मौके पर पहुंचकर लाश देखी। इसके बाद उस पुलिस स्टाफ ने घटना की जानकारी राजेंद्र नगर थाने को दी।



### प्रेम प्रसंग के कारण हत्या की आशंका

किशोरी के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी गुरुवार को घर से गायब है। आसपास पतासाजी करने के बाद भी किशोरी के नहीं मिलने पर परिजनों ने तेलीबांधा थाना में किशोरी के अपहरण होने की शिकायत दर्ज कराई। आशंका जताई जा रही है कि किशोरी की हत्या प्रेम प्रसंग के कारण उसके प्रेमी ने की है। जहां किशोरी की लाश मिली है, मौके पर किशोरी के पैर में चप्पल या सैंडल नहीं था। किशोरी टॉप और काले कलर की जींस पेंट पहने हुई है। टॉप शरीर से थोड़ा ऊपर चढ़ा हुआ है। किशोरी की हत्या से पहले उसके साथ रेप या किसी अन्य तरह की घटना हुई है या नहीं, इस बात की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद होगी।

## मछुआ समाज ने मनाया विश्व मत्स्य दिवस, महिला पदाधिकारी हुए शामिल



रायपुर। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड द्वारा इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय जोरा में शुक्रवार को मत्स्य कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरतलाल मटियारा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर बोर्ड के अध्यक्ष श्री मटियारा ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मछुआरा समाज की समस्याओं को शासन को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में धीवर समाज रायपुर परगना के अध्यक्ष एवं प्राचीन मौली माता मंदिर तेलीबांधा के संस्थापक दीपक धीवर, कोषाध्यक्ष किशोर सपहा, उपाध्यक्ष चंद्रा धीवर, संरक्षक गेंदलाल धीवर, हरीश धीवर, जितेन्द्र फेकर, अंजू मटियारा आदि शामिल थे।

# आउटर के इलाकों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के अंदरूनी और आउटर में बसे नए इलाकों में रामकी कंपनी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सुविधा देगी। इसके लिए सर्वे कर निगम से अनुबंधित एजेंसी ने सफाई कार्य का विस्तार करने गाड़ियों की संख्या बढ़ाई है। छूटे हुए इलाकों में गीला और सूखा कचरा इकट्ठा करने 10 नई गाड़ियां मंगाई गई हैं। इससे आने वाले दिनों में नगर निगम को संबंधित इलाकों से गीला और सूखा कचरा कलेक्ट करवाने के एवज में यूजर चार्ज से अतिरिक्त आय होगी।

- सर्वे के बाद रामकी ने सफाई कार्य के लिए बढ़ाई गाड़ियां

राजधानी के आउटर स्थित वार्डों में तेजी से हो रहे नए निर्माण और आवासीय कालोनी से नगर निगम डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था देगा। इसके लिए शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी एजेंसी ने आउटर इलाके का सर्वे कराया है। सर्वे की रिपोर्ट मिलने के बाद नए इलाकों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 10 नई गाड़ियां खरीदी गई हैं। इससे न केवल शहर के आउटर वार्ड में सफाई का दायरा बढ़ेगा, साथ ही यूजर चार्ज के रूप में नगर निगम को अतिरिक्त आय मिलने लगेगी।

### इन इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की तैयारी



- जोन 2 मौदहापारा क्षेत्र, जोन 3 में अशोका रतन परिसर
- जोन 8 क्षेत्र स्थित कोटा, अविनास सिटी कालोनी, रायपुरा, विप्र नगर।
- वीर सावरकर नगर वार्ड - हीरापुर बस्ती
- जोन 7 अग्रसेन चौक से समता कालोनी क्षेत्र
- जोन 9 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में जोरा बस्ती, लभांडी, फुंडहर बस्ती

### आरडीए का कौशल्या विहार क्षेत्र

**शहरभर में 256 सफाई वाहन, रोज निकल रहा 600 टन कचरा** : रायपुर नगर निगम दस जोन स्थित 70 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए रामकी एजेंसी ने शहरभर में 256 सफाई वाहनों की व्यवस्था की है। इसके अलावा 35 गाड़ियां रिजर्व के रूप में सुरक्षित रखी गई हैं। ठेका एजेंसी प्रतिदिन शहरभर से 600 मीट्रिक टन सूखा और गीला कचरा कलेक्शन कर सकरी स्थित लैंडफिल साइट पहुंचाती है। इसके अलावा नवा रायपुर से भी रोजाना 12 टन कूड़ा वहां की गाड़ियों में भरकर रामकी के पास पहुंच रहा है। अब शहर के आउटर इलाकों से घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा एकत्र किया जाएगा। इससे आने वाले दिनों में शहर भर से निकलने वाले सूखा और गीला कचरा की मात्रा बढ़ेगी।

## पेज 11 के शेष ...

### सौ साल पुराने .....

चिंताजनक है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि लगभग 50 प्रतिशत पेड़ पूरी तरह सूख चुके हैं। इस शिफ्टिंग में रेलवे ने लाखों रुपए खर्च किए थे। शिफ्टिंग के बाद नियमित सिंचाई और देखरेख नहीं होने से बारिश का पानी भी इन पेड़ों को जीवन नहीं दे सका। बबूल, बेल, बरगद और नीम जैसे पेड़ सूखे हुए मिले।

पेड़ स्थानांतरित करने के बाद शुरुआत के दिनों में पेड़ में ध्यान दिया गया, लेकिन बाद में यह नियमित देखभाल के अभाव से इन पेड़ों से अब जान निकल चुकी है। बता दें कि रेलवे ने पेड़ों को शिफ्टिंग के लिए आधुनिक तकनीक से जुड़ी एजेंसी से मदद ली थी। दावा था कि पेड़ जीवन रहेंगे, लेकिन सालभर से अधिक टिक नहीं पाए। आधा दर्जन से अधिक पेड़ वर्तमान में सूख चुके हैं।

### इस तरह रेलवे ....

की थी। कई पेड़ों की जड़ें 5 से 10 मीटर लंबी थीं। लगभग 7 से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद पेड़ों को जड़ों के साथ निकाला गया और फिर दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया था।

### साइंस कालेज की ....

पर नालंदा 5 लाइब्रेरी बनाने की योजना पर तेजी से काम शुरू हुआ। नवंबर 2025 में नगरीय प्रशासन विभाग ने नालंदा 2 का टेंडर पूरा होने की जानकारी दी और 15 नवंबर से चौपाटी शिफ्टिंग की तारीख घोषित की, लेकिन उससे पहले ही रेलवे ने 32 दुकानदारों को नोटिस भेजकर उस जमीन पर अपना दावा जता दिया। विवाद के बाद नगर निगम और रेलवे के बीच बातचीत का दौर चला।

### कांग्रेस ने कहा-विधायक ....

आरोप लगाया कि विधायक राजेश मुणत की हठधर्मिता के कारण चौपाटी को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है, जिससे युवाओं की सुविधा छीन ली गई। विकास उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार का यह कोई नया रवैया नहीं है। पत्रकार वार्ता में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा पूर्व महापौर प्रमोद दुबे पंकज शर्मा कन्हैया अग्रवाल ,आकाश शर्मा, आकाश तिवारी ,श्री कुमार मेनन नागभूषण राव, सुंदर जोगी, सतनाम पनाग, बंशी कन्नौजे, इंद्रजीत राजपूत, श्रीनिवास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जमकर विरोध, रातभर ....

श्री उपाध्याय जेसीबी के सामने लेट गए। विरोध प्रदर्शन के बीच हंगामा हुआ, प्रदर्शनकारियों ने जेसीबी की चाबी छीन ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक हटाया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झूमाझटकी भी हुई। विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के पूर्व विधायक और कांग्रेसियों को घसीटते हुए पुलिस उठाकर ले गई।

### मूणत के घर .....

है कि सैकड़ों परिवार की आजीविका प्रभावित हो गई। उन लोगों के घर खाने की दिक्कत होगी, उनके रोजमर्रा के जीवन में जमा खर्च प्रभावित होगा। स्काई वॉक के नाम पर राजेश मूणत ने अपनी हठधर्मिता का परिचय दिया है।

### किसी को बेरोजगार ....

रेलवे विभाग से चर्चा कर सहमति मिलने के बाद आगे व्यवस्थापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि प्रभावितों को सहूलियत मिल सके।

पत्रकार वार्ता में नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एमडी-एमएम प्रवेश की .....

कर सकते हैं। राज्य कोटे की सीटों पर स्थानीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पढ़ने वालों को एडमिशन दिया जाता है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर स्थानीय छात्र सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में हैं।

### 15 मिनट में बिके ....

ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे दर्शकों को एक बार फिर टिकट खरीदने का मौका मिलेगा। दूसरे चरण में टिकटों की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा। इसकी बिक्री भी शाम के वक्त ही शुरू होगी।

### अब 24 से मिलेंगे ...

के लिए छात्र पहचान पत्र (स्टूडेंट आईडी कार्ड) दिखाना अनिवार्य होगा। बिना आईडी कार्ड के टिकट नहीं दिए जाएंगे।

### लोगों में दिखा जबरदस्त ...

गोल्ड की 8000, प्लैटिनम की 10,000 और कॉर्पोरेट बॉक्स के टिकट 20,000 रुपये रखे गए हैं।

### जीके इलेक्ट्रिक ने एमएसएमई कॉन्क्लेव में प्रस्तुत की अपनी इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों की रेंज



रायपुर। सीआईआई द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ एमएसएमई कॉन्क्लेव में प्रदेश की अग्रणी थ्री-व्हीलर ईवी ब्रांड जीके इलेक्ट्रिक ने अपने सभी इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमएसएमई उद्यमियों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कंपनी के अनुसार अब तक 4000 से अधिक ईवी वाहनों की बिक्री की जा चुकी है, जिससे पेट्रोल चालित वाहनों से निकलने वाली हानिकारक सीओ2 गैस के उत्सर्जन में औसतन 41.56 मीट्रिक टन की कमी दर्ज की गई है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह उपलब्धि उल्लेखनीय मानी जा रही है। कॉन्क्लेव में जीके इलेक्ट्रिक की 250 से 600 किलोग्राम क्षमता वाली कार्गो रेंज विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसने एमएसएमई जरूरतों के अनुरूप विश्वसनीय विकल्प के तौर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

### श्री बालाजी हॉस्पिटल में लिवर सिरोसिस एवं लिवर ट्रांसप्लांट क्लीनिक आज



रायपुर। शहर में लिवर संबंधी जटिल रोगों के मरीजों के लिए खुशखबरी है। देश के प्रसिद्ध लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. पी. बालाचन्द्रन मेनन, जो अब तक 3000 से अधिक सफल लिवर

## बिजनेस साइट

ट्रांसप्लांट कर चुके हैं, 23 नवंबर (रविवार) को श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोवा में विशेष ओपीडी करेंगे। यह क्लिनिक सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक संचालित होगी। ओपीडी के लिए पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी उपलब्ध है। इस विशेष ओपीडी में मरीज लिवर सिरोसिस, पोर्टल हाइपरटेंशन, लिवर कैंसर, लिवर फेलियर, हेपेटाइटिस, पीलिया, खून की उल्टी, एसाइटिस, विल्सन डिजीज समेत अन्य लिवर से जुड़ी बीमारियों का परामर्श ले सकेंगे। लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों के लिए भी यह ओपीडी अत्यंत लाभदायक रहेगी। ओपीडी के दौरान श्री बालाजी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम डॉ. देवेंद्र नायक, डॉ. पुष्पेंद्र नायक, डॉ. एनएस गरड़ और डॉ. रुतिक पटेल मौजूद रहेंगे।

### डॉ. अभिमन्यु साहू ने पीजी स्कॉलर्स को दिया प्रैक्टिस शुरू करने का मार्गदर्शन



रायपुर। डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अभिमन्यु साहू ने जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप में पीजी स्कॉलर्स और जूनियर डॉक्टर्स को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। वर्कशॉप में उन्होंने बताया कि अध्ययन पूर्ण करने के बाद युवा डॉक्टर किस प्रकार अपना क्लीनिक शुरू कर सकते हैं और इसके लिए सरकार की कौन-कौन सी योजनाएं लाभकारी हो सकती हैं। डॉ. साहू ने क्लिनिक की लोकेशन चयन, आवश्यक अनुमतियों, सरकारी नियमों और प्रारंभिक सेटअप के दौरान होने वाली आम गलतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में कई युवा डॉक्टर नियमों का पालन नहीं कर पाते, जिससे आगे चलकर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्कशॉप में 150 से अधिक जूनियर डॉक्टर उपस्थित थे।

### संभव स्टील का तीसरा वार्षिक इंटर स्कूल स्पोर्ट्स फेस्ट संपन्न, हथबंद स्कूल ने जीता 'संभव चक्र'



रायपुर। सरोरा-तिल्दा स्थित संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के तत्वावधान में सरोरा हाईस्कूल मैदान में तीसरा इंटर स्कूल स्पोर्ट्स फेस्ट उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। तिल्दा, सिमगा और धरसींवा तहसीलों के 13 गांवों से आए 31 स्कूलों के लगभग 650 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रहा प्रतिष्ठित रोटेशनल ट्रॉफी 'संभव चक्र', जिसे इस वर्ष शानदार प्रदर्शन के आधार पर हथबंद के स्कूल ने अपने नाम किया। संभव स्टील द्वारा आयोजित इस वार्षिक प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में खेल भावना, टीम वर्क और अनुशासन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख शीतल गोयल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों के खेल प्रभारियों और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भवन क्रमांक 676, को श्रीमती रंजना जाधव पति श्री अमोल कृष्णराव जाधव एवं श्री अमोल कृष्णराव जाधव पिता श्री कृष्णराव जाधव के संयुक्त नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 04.03.2016 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती रंजना जाधव पति श्री अमोल कृष्णराव जाधव एवं श्री अमोल कृष्णराव जाधव पिता श्री कृष्णराव जाधव निवासीः— दैहान चौंक, विश्वकर्मा भवन के पास, सेजबहार रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सत्यनारायण चन्द्राकर पिता श्री छोटन लाल चन्द्राकर निवासीः- ब्लॉक कॉलोनी आरंग, थाना व तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित भवन क्रमांक 676, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### -: आम सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती नर्मदा देवांगन उम्र 53 वर्ष पति श्री टीकाराम देवांगन निवासी सर्वोदय नगर पचपेड़ी नाका रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492001 ने विक्रेता डॉ. सरोज गंधर्व उम्र 56 वर्ष पिता श्री बी. आर. चौहान निवासी राधाकृष्ण मंदिर के सामने छत्तीसगढ़ नगर संजय नगर टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की आवासीय परिवर्तित भूमि जो कि ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं.-105/59, रा.नि.म. रायपुर 13 तहसील व जिला रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 67 भक्त माता कर्मा वार्ड जोन नंबर 05 मुस्कान रेसीडेंसी गली, श्रद्धा चौक शिव नगर न्यू चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. में स्थित आवासीय भूमि जिसका पुराना खाता क्रमांक 1881 व खसरा नंबर 205/20, 206/20, 207/9, 217/7, 217/8, 217/13 का भाग है जिसका नया वर्तमान खाता क्रमांक 2382 व नया खसरा नंबर 217/53 कुल रकबा 0.0121 हेक्टेयर 26x50= 1300 वर्गफुट अर्थात 120.81 वर्गमीटर भूमि पर जिसमें 1200 वर्गफीट में पक्का मकान निर्मित है तथा 100 वर्गफीट शेष भूमि है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है। मात्र विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के क्रय-विक्रय से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, वित्तीय एवं निजी संस्थान, शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालय व निकाय को कोई दावा आपत्ति हो तो अपनी आपत्तिमय दस्तावेज 7 दिवस के अंदर स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करें। मियांद अवधि के बाद किसी का कोई दावा आपत्ति एवं दावा आपत्ति के संदर्भ में प्रकाशन मान्य नही होगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा तथा मेरा पक्षकार अपने पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन करा लेगा।

**सो सूचना जाने।**

दिनांक 22-11-2025
स्थान- रायपुर छ.ग.

**प्रदीप कुमार देवांगन (अधिवक्ता)**
**गायत्री मंदिर के पास, 10 नल,**
**बोरिया रोड संतोषी नगर**
**रायपुर (छ.ग.) 492001**

### ईश्तहार

मै मूल चंद जैन पिता अमरचंद कोटडिया रायपुर छ.ग. वर्तमान निवासी डी-244, नानेश तिराहा के पास, आर आई टी ई ई इस्टीट्यूट के सामने शैलेन्द्र नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ-

यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड क्रं. 5132 9945 8428 जारी किया गया था जिसमें मेरा नाम मूल चंद कोटडिया (जैन) पिता अमरचंद कोटडिया पता डी-244, नानेश तिराहा के पास, आर आई टी ई ई इंस्टीट्यूट के सामने शैलेन्द्र नगर अंकित था आधार कार्ड में सुधार के बाद अब मेरा नाम मूलचंद जैन पिता अमरचंद कोटडिया पता डी-244, नानेश तिराहा के पास आर आई टी ई ई इंस्टीट्यूट के सामने शैलेन्द्र नगर अंकित किया जा चुका है। यह कि मेरे नाम से आयकर विभाग के द्वारा पेन कार्ड क्र ACOPK2182R जारी किया गया था जिसमे मेरा नाम मूल चंद कोटडिया पिता अमरचंद कोटडिया दर्ज था। पेन कार्ड में सुधार के बाद अब मेरा नाम मूलचंद जैन पिता अमरचंद कोटडिया अंकित किया जा चुका है।

यह कि मेरे द्वारा इन्द्रप्रस्थ मेडिकल कार्पोरेशन लिमिटेड का अंश पत्र (शेयर) क्रमशः 88715, 88716, 88717, 83718, 88719, 88720, 88721, 88722, 88723, 88724 जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम मूल चंद जैन दर्ज है। यह कि इस प्रकार मूलचंद कोटडिया (जैन) एवं मूल चंद कोटडिया तथा मूल चंद जैन तीनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है जिसके सत्यता में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है, भविष्य में कोई भी वाद विवाद होता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी मेरी होगी। यह की मुझको मूलचंद जैन पिता अमर चंद कोटडिया पता डी-244, नानेश तिराहा के पास, आर आई टी ई ई इंस्टीट्यूट के सामने, शैलेन्द्र नगर के नाम से जाना जाय

**शपथकर्ता-मूलचंद जैन**

## खबर संक्षेप

### आज से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का आवास मेला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा प्रदेशवासियों को सुलभ और किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा राजधानी के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में 23 से 25 नवंबर तक राज्य स्तरीय आवास मेला आयोजित होने जा रहा है।

### लालपुर चौक में रेस्टारेंट, ढाबा की आउटलेट नाली जाम, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग और जोन अमले द्वारा लालपुर चौक में शिकायत के बाद आरजे 21 रेस्टारेंट, ढाबा की स्वच्छता व्यवस्था की जांच की गई। इस दौरान जन शिकायत सही मिली। ढाबा की आउटलेट नाली जाम मिलने पर संबंधित ढाबा संचालक पर 10 हजार जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही संबंधित व्यवसायी को रायपुर शहर को स्वच्छ बनाने में भागीदार बनने की शपथ दिलवाई गई। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 10 के प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा, मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी की उपस्थिति में निगम अमले ने लालपुर चौक में शिकायत के आधार पर आरजे 21 रेस्टारेंट की स्वच्छता व्यवस्था का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही मिली। संबंधित रेस्टारेंट संचालक को सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर जुर्माना कर भविष्य में इस तरह की गलती न करने की समझाइश दी गई।

### गोंडवाना भवन में परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** क्षेत्रीय गोंड समाज कल्याण समिति द्वारा टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में 23 नवंबर को विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विधवा, विधुर और परित्यक्ता का भी परिचय सम्मेलन होगा।

### आंबेडकर अस्पताल परिसर से दोपहिया पार

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आंबेडकर अस्पताल परिसर से दोपहिया चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी खुशबू यादव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। खुशबू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी बड़ी बहन का इलाज कराने आंबेडकर अस्पताल गई थी। अस्पताल के मेन गेट के पास एक्टिवा सीजी 04 एलपी 8475 खड़ी की थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### पटाखे फोड़ने से रोकने पर महिला को पीटा

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने पटाखे फोड़ने के विवाद पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर निवासी महेश्वरी साहू ने सेवती विश्वकर्मा, धनेश्वरी साह तथा छोटू ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेश्वरी ने पुलिस को बताया कि तीनों उसके घर के सामने पटाखे फोड़ रहे थे। मना करने पर तीनों ने महेश्वरी के साथ मारपीट की।

# रायपुर-बिलासपुर में खुलेंगे बिजली के मीटर जांचने के लिए लैब, भिलाई का लैब भी होगा आधुनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में अब स्मार्ट मीटर लग रहे हैं, तो इसकी जांच की भी व्यवस्था की जा रही है। अब तक भिलाई में एक लैब है, जिसमें नए और पुराने मीटरों की जांच होती है। इसी के साथ करीब छह माह पहले नया रायपुर में केंद्र सरकार के सीपीआरआई का एक लैब खुला है। इसमें भी स्मार्ट मीटरों की जांच होती है।

अब रायपुर और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के लैब खोले जा रहे हैं। इसका काम अंतिम चरण पर है। यहां पर भी लैब खुलने के बाद प्रदेश में चार स्थानों में बिजली के स्मार्ट मीटरों की जांच की व्यवस्था हो जाएगी। प्रदेश में जब स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया तो स्मार्ट मीटरों का परीक्षण कराने का काम भोपाल के लैब में कराया गया, क्योंकि तब प्रदेश में एक भी लैब नहीं था। स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी कर रही है। इनके मीटरों को लगाने से पहले इनका परीक्षण कराया जाता है। इसी के साथ मीटरों के खराब होने या सही काम न करने की शिकायत मिलने पर उसकी जांच का काम भी पहले यहां नहीं हो पाता था, ऐसे में मीटरों को भोपाल भेजना पड़ता था।

**तीनों लैब में स्मार्ट मीटर जांचने की होगी सुविधा, नया रायपुर में केंद्र सरकार का एक लैब पहले से**



### दो नए लैब का चल रहा काम

प्रदेश में अब तक भिलाई में भी एक लैब है जिसमें मीटरों की जांच की जाती है। इस लैब में पहले के पुराने मीटरों की जांच होती थी, अब यहां पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तो उनकी जांच की भी व्यवस्था भिलाई में है। भिलाई के लैब में किसी भी मीटर की जांच के लिए लंबा समय लगता है, क्योंकि प्रदेश भर के मीटर जांच के लिए यहां पर आते हैं। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने रायपुर के गुढ़ियारी और बिलासपुर के तिफरा में मीटरों के जांच के लिए नए लैब बनाने का काम प्रारंभ किया है। इसी के साथ भिलाई के लैब को भी आधुनिक किया जा रहा है। दो नए लैब प्रारंभ होने के बाद मीटरों की जांच में समय कम लगेगा। इसी के साथ बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों के मीटरों की जांच जहां बिलासपुर में हो सकेगी, वहीं रायपुर के लैब में रायपुर संभाग के साथ बस्तर संभाग के मीटरों की जांच होगी। भिलाई के लैब में दुर्ग संभाग के मीटरों की जांच होगी।

## बारिश खत्म होने के बाद भी नगर निगम बेसुध, दुर्घटना का अंदेशा

# सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, आना-जाना हुआ मुश्किल उखड़ गई डामर की परत, बजरी के साथ उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित आउटर के वार्डों में मुख्य मार्ग और रहवासी इलाके की सड़क पर डामर की परत उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। बजरी के नुकीले टुकड़े और धूल गाड़ियों के आने-जाने के दौरान हवा में उड़ने से लोग परेशान हैं। टिकरापारा के साहू कांप्लेक्स से लेकर भगत सिंह चौक, पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग के सड़क पर गड्ढे ज्यादा होने से दापहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों की परेशानी बढ़ गई है। इसी तरह पुराना धमतरी रोड, कौशिल्या विहार और डूमरतराई वाले मार्ग की हालत खस्ता होने से धूल के गुबार से इस मार्ग पर आने-जाने वाले परेशान हो रहे हैं। इसी तरह आउटर में स्थित महात्मा गांधी वार्ड बंजर पारा बस्ती, गांधी चौक से सब्जी बाजार सड्डू तक के मार्ग बेहद खराब है। वार्ड पार्षद सावित्री धीवर ने रायपुर ग्रामीण विधायक और जोन 9 में सड़क मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर भिजवाया। पर स्वीकृति नहीं मिलने से मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है।



### टेंडर आ गए हैं, जल्द होगा वर्कआर्डर

शहर के चार विधानसभा क्षेत्रों में खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत कराने ऑनलाइन टेंडर किया गया था। पंद्रहवें वित्त आयोग मद में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 करोड़ की स्वीकृति इस कार्य के लिए मिली है। प्राथमिकता के आधार पर खराब सड़क की मरम्मत कराने जल्द वर्कआर्डर जारी होगा।

- अंशुल शर्मा जूनियर कार्यपालन अभियंता, लोक कर्म विभाग, नगर निगम रायपुर

**केस 1**

### लभांडी से जोरा पहुंच मार्ग का डामर उखड़ा

नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित लभांडी से जोरा पहुंच मार्ग की डामर वाली सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। इसके कारण जगह-जगह बजरी बिखरने और गड्ढा होने से आवागमन में लोगों को दिक्कत हो रही है। यही हाल लभांडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित पहुंच मार्ग का है जहां पर सड़क खराब होने से लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में परेशानी उठानी पड़ रही है। लभांडी के ही ब्रम्हदेवनगर में निगम ने न तो गंदे पानी के निकासी के लिए नालियां बनाई, न ही लोगों के आने-जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया। पुरानी कच्ची सड़क पर धूल और मिट्टी से होकर गंतव्य तक आने-जाने लोग विवश हैं।

**केस 2**

### पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग खस्ताहाल, जगह-जगह खतरनाक गड्ढे, धूल से पब्लिक बेहाल

नगर निगम जोन 6 के पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग में डामर की परत उखड़ने से धूल उड़ रही है। भारी वाहनों के आने-जाने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। बजरी और धूल के गुबार से बचाने पानी की छिड़काव किया जा रहा है, पर गड्ढों में पानी भरने से पैदल, दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों को भारी परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग अकसर जूझ रहे हैं। खासकर के दोपहिया चालकों को ये समझ नहीं आ रहा कि जगह-जगह खतरनाक गड्ढों से होकर गाड़ी कैसे निकालें। शिकायत के बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ।

**केस 3**

### टिकरापारा नंदी चौक में पाइप लाइन लीकेज ढूंढने बीच सड़क पर गड्ढा

शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के टिकरापारा नंदी चौक मुख्य मार्ग में नगर निगम ने पाइप लाइन लीकेज ढूंढने लंबा चौड़ा गड्ढा खोदवा रखा है। पिछले 3 दिनों से खतरनाक गड्ढा के चलते लोगों को इस मार्ग से होकर आने-जाने में परेशानी हो रही है। जोन दफ्तर में शिकायत के बाद भी पाइप लाइन लीकेज के मरम्मत का काम पूरा नही होने से गडढ़े को बंद नही किया गया है। जबकि इसी मार्ग का उपयोग स्कूली बच्चे, आसपास के कालोनी के रहवासी और नागरिक अकसर करते हैं। बीच सड़क पर गड्ढा खोद देने से दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है।

**केस 4**

### सरोना में संकल्प हास्पिटल से पार्थिवी तक सड़क खराब

जोन 8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड में सरोना क्षेत्र के संकल्प हास्पीटल से पार्थिवी ग्रीन तक की सड़क खस्ताहाल है। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत भी की है, इसके बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य नगर निगम अब तक नहीं करा पाया है।लोगों का कहना है बारिश के समय इस इलाके में पानी के भराव की समस्या रहती है। इसी तरह जोन 5 के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में क्रांकीट की सड़क उखड़ने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सोनार पारा, ढीमरपारा, पटेल पारा गली की सड़क की हालत खस्ता है। हालाकि सड़क मरम्मत के लिए जोन से प्रस्ताव मुख्यालय को मंजूरी के लिए भेजा गया है। प्रस्ताव की स्वीकृति लंबित होने से मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया है।

### पौने तीन सौ फरार वारंटी गिरफ्तार, बदमाशों को दबोचने सौ से ज्यादा टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर 24 घंटे के भीतर पौने तीन सौ से ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार वारंटियों में लंबे अरसे से हत्या सहित हत्या की कोशिश, रेप, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धोखाधड़ी एवं विभिन्न गंभीर अपराधों के स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई है।

आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सभी एएसपी, सीएसपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के बलों के साथ अपने थाना क्षेत्रों में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान में 24 घंटे के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार वारंटियों में से कुछ को महाराष्ट्र, ओडिशा एवं मध्यप्रदेश सहित सरहदी जिलों से गिरफ्तार किया गया है। वारंटियों को गिरफ्तार करने पुलिस की सौ टीमें बनाई गई थीं।

# बैंकिंग प्रणाली में बदलाव, डिजिटल सेवा और ग्राहकों की सुरक्षा पर भी किया मंथन

## छत्तीसगढ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन ने 'ज्ञान-सम्मेलन' में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वित्त, कराधान और उद्योग जगत से जुड़े लोगों के लिए शनिवार को अपरान्ह तीन बजे शांति नगर स्थित विमतारा ऑडिटोरियम में एक नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस " ज्ञान-सम्मेलन " मंथन 2025" के साक्षी बनने के लिए विषय विशेषज्ञ भी पहुंचे। छत्तीसगढ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन द्वारा सहकारी बैंक लिमिटेड के साथ मिलकर की गई इस कांफ्रेंस ने प्रदेश के व्यावसायिक परिदृश्य से जुड़े लोगों को नई ऊर्जा प्रदान की। इसका शुभारंभ बैंकिंग के भविष्य के लिहाज से किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शरद नरहर गंगल ने कहा कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली के व्यापक परिवर्तनों, डिजिटल विस्तार, ग्राहकों की सुरक्षा, नियामकीय मजबूती को समझना होगा।

विशिष्ट अतिथि ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "भारत वित्तीय अगवाई के नए युग में प्रवेश कर चुका है। आने वाले समय में सीएएस केवल अनुपालन विशेषज्ञ नहीं, बल्कि राष्ट्र की वित्तीय दिशा तय करने वाले रणनीतिक सलाहकार बनेंगे।"उनके विचारों ने पूरे सभागार में गंभीर चिंतन का वातावरण उत्पन्न किया। वक्ताओं द्वारा पेश किए नए विचार, नई नीतियों और नई तकनीक पर देशभर से आए प्रसिद्ध वक्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में गहन, व्यावहारिक और शोध-आधारित सत्र संचालित किया। सीए प्रफुल्ल पेंडसे ने सत्र में सेक्शन 148 पर मास्टर क्लास की जानकारी के साथ आयकर पुनर्मूल्यांकन, जांच प्रक्रिया और अनुपालन जोखिम का विश्लेषण सभी पेशेवरों के बीच प्रस्तुत किए। सीए जितेन्द्र सिंह खनूजा ने जीएसटी के वार्षिक रिटर्न और एफवाय-24-25 ऑडिट मुद्दे पर भी प्रकाश डालते हुए जटिल जीएसटी प्रावधानों को सरल तरीके से केस स्टडी और नवीनतम निर्देशों के साथ स्पष्ट किया। इस कड़ी में सीए अरिहंत जैन, करण गुप्ता, वैभव सिंघवी, निखिल अरेकर, किशोर बारडिया ने मंच का संचालन किया।




**विचारधारा और रोडमैप का आह्वान भी था**

सीए धवल शाह समन्वयक के रूप में हर चरण में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। वोट फार थैंक्स केवल धन्यवाद नहीं था, बल्कि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय वित्तीय हब बनाने की दिशा में एक स्पष्ट विचारधारा और रोडमैप का आह्वान भी था। शाह ने कहा कि "मंथन 2025 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि ज्ञान, नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ाने का संकल्प है। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ को देश का प्रमुख कंसल्टिंग और वित्तीय केंद्र बनाना है। सीए अमिताभ दुबे ने सकारात्मक पहलू पर प्रकाश डालते हुए इस तरह की पहल को हो रहे बदलाव के लिहाज से बेहतर बताया।

# चार नए श्रम कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश की दस बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार की ओर से लागू गई 4 नए श्रम संहिताओं को मजदूरों के साथ सबसे बड़ा धोखा बताया है, 26 नवंबर को देशभर में विरोध प्रदर्शन और देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।

इसकी रूपरेखा बनाने राजधानी रायपुर में ट्रेड यूनियनों के नेताओं की संयुक्त बैठक हुइ्र। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि श्रम संहिताओं के मजदूर विरोधी नीति के एकतरफा कार्यान्वयन का विरोध किया जाएगा। संयुक्त मंच की शनिवार को हुई बैठक में सीटू नेता धर्मराज महापात्र, इंटक नेता संजय साहू, दीनानाथ सिंह, ऐक्टू के बृजेंद्र तिवारी, एटक के विनोद सोनी, बीमा कर्मचारियों के नेता सुरेंद्र शर्मा, राजेश पराते, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेता तिलक यादव, देवेंद्र साहू, संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के नेता वीएस बघेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



बैठक में यह कहा गया कि जो चार श्रम संहिताएं लागू की गई वह वेतन, औद्योगिक, सामाजिक सुरक्षा, व्यसायिक व स्वास्थ्य और कार्य दशा से जुड़ी हुई है।







# ठीक हो रहे आंखों में इंफेक्शन वाले मरीज, बीजापुर वापस भेजने की तैयारी

## एक मरीज का नेत्र प्रत्यारोपण, बाकी दवा से ठीक हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीजापुर के शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद बिगड़ी मरीजों के नेत्रों की परेशानी लगभग दूर हो गई है। सभी को पूरा स्वस्थ होने के बाद बीजापुर भेजने की तैयारी है।

आंखों में इंफेक्शन की शिकायत के बाद आंबेडकर अस्पताल लाए गए एक मरीज को कार्निया ट्रांसप्लांट किया गया था। शेष मरीज दवा से ठीक हो गए। इस मामले में आंखों में शिकायत की वजह ऑपरेशन के बाद बरती जाने वाली सावधानी में कोताही को माना गया था। बीजापुर के जिला अस्पताल के शिविर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वालों को दस दिन पहले विभिन्न तरह की शिकायत पर आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। इस दौरान शिविर में लापरवाही का आरोप भी लगाया गया था। मामले में गठित कमेटी ने विभिन्न पहलुओं पर जांच के बाद पाया कि जांच में शिविर में उपयोग होने वाली दवा में कमियां नहीं थी।



वहां के डाक्टरों ने भी नियमों का पालन कर सर्जरी थी। अंत में यह निष्कर्ष निकाला गया था कि मरीजों ने लापरवाही बरती थी जिसकी वजह से उनकी आंखों में इंफेक्शन हो गया था। रायपुर लाए गए एक मरीज का कार्निया ट्रांसप्लांट करना पड़ा था, जबकि अन्य का इलाज दवाओं के उपयोग से हो गया था। अंधत्व निवारण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. निधि अत्रीवाल ने बताया कि मरीजों को अभी आंबेडकर अस्पताल में रखा गया है और उनके पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वापस बीजापुर भेजा जाएगा।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

डिजिटल वीडियो-ड्रोन का शादियों में ....

## लाइव इवेंट

# ओरीना फेस्ट में आज श्रेया घोषाल की लाइव परफॉर्मेंस

**रायपुर।** एम्स रायपुर में रविवार को होने वाले ओरीना फेस्ट में बॉलीवुड की मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल लाइव प्रदर्शन देंगी।



आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।ओरीना फेस्ट में हर साल देश के चर्चित सिंगर्स को बुलाया जाता है, और इस बार स्टेज संभालेंगी मेलोडी क्वीन श्रेया घोषाल। कार्यक्रम आज रात 8 बजे शुरू होगा और लगभग दो घंटे तक चलेगा। इवेंट को लेकर एम्स के स्टूडेंट्स में खासा उत्साह है। श्रेया घोषाल अपने कई सुपरहिट बॉलीवुड सांग्स पर लाइव परफॉर्मेंस देंगी, जिसका सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# व्यक्तित्व विकास, अनुशासन व संस्कृति को सीखने जंबूरी



**रायपुर।** स्काउट और गाइड की टीम जंबूरी में शामिल होने लखनऊ रवाना हुई। पहले दिन जंबूरी में व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और संस्कृति को सहेजने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें फरहा, खुरमी, ठेकुआ जैसे अन्य व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। इसके बाद शाम के कैम्प फायर हुआ। डॉ. अजय आर्य ने बताया कि 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में वसुधैव कुटुंबकम की भावना का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां बच्चे विविधता को समझेंगे। टीमवर्क को जानेंगे। भारत की सांस्कृतिक वैभव को अनुभव करेंगे। विद्यार्थियों के लिए एडवांस भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुरक्षा और प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सुबह 6 बजे से दिनचर्या प्रारंभ होगी। रात कैंप फायर के बाद 9:30 बजे विद्यार्थी अपने कक्षों में जाकर आराम करेंगे। पहले दिन कैंप फायर और गेम फायर की गतिविधियों में बच्चों ने छत्तीसगढ़ी धुनों पर जमकर नृत्य किया।

### पहले दिन उठाया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ

19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में रायपुर रीजन के छात्रों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं, व्यंजनों और कला का शानदार प्रदर्शन किया। फूड प्लाजा में साक्षी साहू और टीम द्वारा छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध व्यंजन फरा प्रस्तुत किया गया। इसे सभी ने बहुत पसंद किया। एग्जिबिशन में बस्तर की विविध लोककलाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसकी निर्णायकों ने विशेष प्रशंसा की। एथेनिक फैशन शो में विद्यार्थियों ने पारंपरिक आभूषण व परिधानों के साथ छत्तीसगढ़ी अस्मिता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। गाइड्स की टीम का नेतृत्व डॉ. मोना अली कर रही हैं।

50 बार कह चुके हैं कि मैंने मकान बनाया...अरे यार, इतनी बार तो शाहजहां ने भी ताजमहल बनाकर नहीं बोला

# संक्रमण...दो पीढ़ियों के बीच संवाद और आपसी समझ के अभाव में टूटते रिश्ते

छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी की ओर से 'संक्रमण' नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के निर्देशक मनोहर तेली स्वयं मंच पर मुख्य भूमिका में नजर आए। लगभग 60 मिनट की प्रस्तुति में उन्होंने दो विपरीत किरदार निभाकर अपनी अभिनय क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। कामतानाथ की रचना पर आधारित इस नाटक में माता-पिता की अहमियत को मुख्यधारा से जोड़ते हुए आधुनिक समय में बदलते पारिवारिक समीकरणों को रेखांकित किया गया है। प्रस्तुति में बुजुर्गों की मनोदशा, संवेदनाओं और परिवार के प्रति उनकी अपेक्षाओं का सजीव चित्रण देखने को मिला।



**रायपुर।** "मैं शर्त लगाकर कह सकता हूं, पिता जी सठिया गए हैं। रिटायरमेंट के बाद चार–पांच साल तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन धीरे-धीरे उनके स्वभाव में बदलाव आने लगा। अब छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ करने लगे हैं...आखिर इतनी चिंता लेने को कहता कौन है? बुढ़ापा जीवन की वह सीढ़ी है, जहां भावनाएं बेहद नाजुक हो जाती हैं, कभी पल में रूठ जाना तो कभी उसी पल मान जाना। उम्र के इस दौर में उन्हें सबसे ज्यादा सुकून अपने बच्चों की मौजूदगी से मिलता है। वे चाहते हैं कि घर में बच्चे उनके आसपास रहें, बातें करें, समय दें। माता-पिता बच्चों की भावनाएं पहले ही भांप लेते हैं, उनकी हर जरूरत से बढ़कर फिक्र करते हैं, जो एक वक्त के बाद बच्चों के लिए उल्टा बोझ बन जाते हैं।"





### एक वक्त में दो पात्रों का निभाया किरदार

सड्डू स्थित जनमंच सभागार में आयोजित नाटक हास्य से भरपूर रहा। कलाकार ने बड़े ही अनोखे अंदाज में दर्शकों को घर-परिवार के किस्सों में डुबो दिया। कहा, पिताजी 50 बार कह चुके हैं कि मैंने मकान बनायाअरे यार, इतनी बार तो शाहजहां ने भी ताजमहल बनाकर नहीं बोला होगा! यह सुनते ही सभागार में दर्शक ठहाके लगाते दिखे। कलाकार ने बेहतर हाव-भाव और बेहतरीन टाइमिंग के साथ एक ही समय में दो डिफरेंट पात्रों का किरदार निभाया, एक ओर पिता तो दूसरी ओर बेटे का किरदार मंच पर दिखाया।

### दो पीढ़ियों के विचारधाराओं पर आधारित नाटक

नाटक में दो पीढ़ियों के बीच के अंतर और विचारधाराओं का चित्रण किया गया। एक ओर माता-पिता बीते वक्त को याद करते हुए बच्चों को ताने देते नजर आते हैं तो दूसरी ओर बच्चे बिना बड़ों की भावनाओं को समझे उनकी बातों का निरादर करते। मंच पर पिता ने अपने संघर्ष और कठिनाईयों का अनुभव दर्शकों के सामने रखा, वहीं सुविधाओं के बीच पले-बढ़े बेटे ने अपने दृष्टिकोण से पिता की बातों पर प्रतिक्रिया दी। यहां बुजुर्ग अपने बच्चों को सुविधा और सुरक्षा देने के बाद भी कभी-कभी उनकी बातों को गलत समझ बैठते हैं। दोनों पीढ़ियों के बीच संवाद और आपसी समझ का अभाव, समय के साथ अपने विचारों और दृष्टिकोण को बदलने की आवश्यकता को भी दर्शाता है।

### मंच पर दिखी परिवार के बुजुर्गों की अहमियत

दिनभर टीवी देखते रहते हैं, एक विज्ञापन देखकर अचानक टंकी पर चढ़ गए। उनका पैर फिसला और वे नीचे गिर पड़े। उनकी हड्डी बुरी तरह टूट गई और शायद वो दोबारा चल भी न सकें। कलाकार के शानदार अभिनय से यह दृश्य भी जीवंत हो गया, जहां पिता के इलाज के लिए बेटे ने हरसंभव मदद मांगने का प्रयास किया, लेकिन पिता को खोने से डरते हुए, वह बेबस होकर एक जगह पर रोता नजर आया। जहां हास्पिटल से घर लौटने वक्त पिता ने कहा, बेटा 10 बजे से पहले घर चले जाना...तकलीफ के बाद भी पिता की बच्चों के प्रति चिंता, नाटक की नींव रही। जहां बेटा अपने द्वारा पिता के प्रति अब तक के व्यवहार को सोचकर रोता नजर आया।

### बचपन से बुढ़ापे तक केवल संघर्ष करता आया हूं...

बड़े भाई के अलग होने के बाद घर चलाना मुश्किल हो गया था। पिता के रिटायरमेंट के बाद उनकी पेंशन से घर चलता था, लेकिन खर्च बढ़ने पर, पिताजी ने दुकान पर मुंशी का काम शुरू कर दिया। वहीं मैंने भी ट्यूशन क्लास चलाई, तब जाकर घर का खर्च चल पाया। एमए पढ़ रहा था, तब पिताजी का निधन हो गया, जिसके बाद मैंने हिम्मत नहीं हारी। सुबह निकलता तो रात 6–7 बजे लौटता। तब से ही घर की जिम्मेदारी निभाता आया हूं। बचपन से लेकर जवानी तक कोई सुख नहीं भोगा मैंने...और अब मेरे बेटे का हर शौक बचपन से ही पूरा करते आ रहा हूं। नाटक की शुरुआत बुजुर्ग के बीते दिनों की बात से हुई, जब पिता ने अपनी मेहनत के किस्से सुनाए।बचपन से लेकर बुढ़ापे तक के सफर को नम आंखों से कहते दिखे। कलाकार के शानदार अभिनय ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं, साथ ही पिता के संघर्ष को भी समझाने का प्रयास किया।

## सिटी इवेंट

# अनुभूति सांस्कृतिक उत्सव : हास्य, खुशियों और जीवन के अनुभवों से सजा मंच



**रायपुर।** ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम "अनुभूति" का आयोजन किया गया। इस वर्ष हंसना और हंसाना विषय पर खास वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जहां नन्हे छात्रों ने हास्य से भरपूर नाटक, कव्वाली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसका उद्देश्य न केवल मनोरंजन, बल्कि हंसी और आनंद के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को छात्रों और अभिभावकों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 7वीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। छात्रों ने लोकप्रिय फिल्म और साहित्यिक पात्रों जैसे शोले फिल्म में ठाकुर, करण-अर्जुन फिल्म में मां का किरदार और सीबीएसई साहित्य के मिर्जा नुक्ता को मजेदार अंदाज में मंच पर जीवंत किया। इस दौरान आयोजित इंटरैक्टिव पहेलियों ने अभिभावकों और दर्शकों को सक्रिय रूप से जोड़कर कार्यक्रम को और रोचक बना दिया।

### चुटकुलों ने गुदगुदाया

कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र हास्य से भरपूर कव्वाली सत्र रहा, जहां लगभग 15 छात्रों ने दो समूहों में कव्वाली दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने रोजमर्रा की जीवन परिस्थितियों में पढ़ाई, खेलकूद, मोबाइल फोन के उपयोग को मजेदार तरीके से जीवंत किया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को हंसी के साथ-साथ जीवन के सरल और सार्थक संदेश भी दिए।



### जेठालाल और दया बेन के किरदार में दिखे बच्चे

मनोरंजन को और रंगीन बनाने के लिए छात्रों ने लोकप्रिय टीवी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा से जेठालाल और दया बेन के किरदार को बखूबी निभाया। साथ ही हेराफेरी फिल्म के बाबूराव, राजू, श्याम के तीन दोस्तों की अनोखी जोड़ी भी मंच पर दिखाई दी। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को हंसी और उत्साह का अनुभव कराया और कार्यक्रम को जीवंत बनाया। अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम मनोरंजक होने के साथ-साथ शिक्षाप्रद और जीवन-मूल्यों से भरपूर था।

# महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम-जागरूकता पर शिविर

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कॉस्मो दिवास और हेरिटेज हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 'ईच वन, वैक्सीनेट वन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह खास आयोजन सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम और जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की गई, जहां महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से संबंधित जानकारी दी गई। शनिवार को आयोजित कैंसर रोकथाम शिविर में कचना स्थित हेरिटेज हॉस्पिटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यहां उपस्थित महिलाओं को टीकाकरण का लाभ और पैप स्मीयर परीक्षण के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। कार्यक्रम की सफलता में रोटरी क्लब ऑफ कॉस्मो दिवास की अध्यक्ष डॉ. गीता अग्रवाल, डॉ. रुचि रूपरेला, सचिव अस्मित मक्कड़ उपस्थित रहीं।




### स्वस्थ जीवन के लिए टीकाकरण जरूरी

*शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि नियमित जांच और टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। स्वस्थ जीवन के लिए महिलाएं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराती रहें, साथ ही किसी भी असामान्य लक्षण को अनदेखा न करें। नियमित खानपान और दिनचर्या से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। पैप स्मीयर टेस्ट मेडिकल जांच है, इससे सर्वाइकल कैंसर के प्रारंभिक पहचान की जांच की जाती हैं। 21 साल की उम्र से इसकी जांच कराई जा सकती है, साथ ही हर तीन साल में जांच कराई जाती है।*

# सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की याद में आज विश्व यादगार दिवस

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा रविवार को शाम 6 बजे सड़क दुर्घटना में पीड़ित लोगों की स्मृति में विश्व यादगार दिवस मनाया जाएगा। इस कड़ी में विधानसभा रोड स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर रायपुर में सुखद और सुरक्षित यातायात का आधार विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया जाएगा। इसमें सहायक पुलिस अधीक्षक (यातायात) डॉ. प्रशांत शुक्ला, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) संजय शर्मा और राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी अपने विचार व्यक्त करेंगी। अध्यक्षता रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े लोग चर्चा का हिस्सा बनेंगे।

### अधिकारी लोगों के बीच साझा करेंगे अपना अनुभव

विश्वभर में घटित होने वाले सड़क हादसों की वजह से जान गंवाने वाले लोगों की आत्मिक शांति के लिए एवं दुर्घटना से प्रभावित लोगों एवं उनके परिवारों को संवेदना एवं मानसिक संबल देने के लिए विशेष मेडिटेशन भी कराया जाएगा।

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के रिट्रीट सेंटर में आयोजन**

परिसंवाद के दौरान सड़क हादसों के कारणों और उसके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारी लोगों के बीच अपना अनुभव साझा करेंगे। इसमें प्रबुद्ध वर्ग श्रोता के रूप में आयोजन का हिस्सा बनेंगे। विशेष मेडिटेशन के माध्यम से लोगों को आत्मशांति किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है, इसकी जानकारी दी जाएगी।

## ऋतु परिवर्तन के साथ ही मंदिरों की पूजन विधियों में बदलाव

# भगवान को लगी ठंड... ओढ़ा रहे गर्म शॉल, गुड़-तिल का भोग गुनगुने पानी से स्नान, सुबह देर से जागरण, शयन जल्द

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में शाम व रात के वक्त ठंड बढ़ने का असर अब मंदिरों में विराजे भगवान पर भी देखने को मिल रहा है। सनातन धर्म में भाव पूजा को प्रधानता दी जाती रही है। यही वजह है कि मौसम के परिवर्तन होने पर मंदिर के पट खुलने व बंद होने के समय के साथ भगवान के परिधान व भोग भी बदले जाते हैं। इन दिनों भगवान को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं। गोपाल मंदिर, दूधाधारी मठ सहित देवी मंदिरों में प्रतिदिन शाम सात से सुबह महाभिषेक तक भगवान को शाल ओढ़ाए रखा जाता है।

प्रातःकाल जैसे ही ठंड कम होती है, शाल व गर्म कपड़े निकल दिए जाते हैं। घरों में भी भगवान के प्रति ऐसा प्रेम देखने को मिलता है। बाल गोपाल को ठंड न लगे, इसलिए श्रद्धालुओं ने गर्म कपड़े पहनाने शुरू कर दिए हैं। सर्दी को देखते हुए मंदिर के पट सुबह कुछ देर से खुल रहे हैं। वहीं शाम को कुछ समय पूर्व ही भगवान को शयन करवाकर मंदिर मंगलमान किए जा रहे हैं। कुछ मंदिरों में पहले मंदिर सुबह 6 बजे आरती की जाती थी, लेकिन अब लगभग 7 बजे तक पूजा की जा रही है। वहीं शाम की पूजा जल्दी की जा रही है।



### प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विराजते हैं भगवान, होती है अनुभूति

*कुशालपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर में अब माता को गर्म शाल प्रतिदिन ओढ़ाई जा रही है। पुजारी ने बताया, हर मौसम के अनुसार माता के परिधान में बदलाव होते हैं। अब ठंड बढ़ने लगी है, इसलिए शाम के वक्त आरती के बाद शाल ओढ़ाई जा रही है। उनका कहना है कि मंदिरों में भगवान प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विराजते हैं, इसलिए माना जाता है कि उन्हें भी हर प्रकार की अनुभूति होती है।*

### गर्म रेशमी कपड़ों का प्रयोग

कोतवाली स्थित गोपाल मंदिर में भगवान को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ा पहनाने शुरू कर दिए हैं। पुजारी का कहना है कि सर्दी के बढ़ते असर को देखते हुए मंदिरों में उनके कपड़ों में परिवर्तन किया गया है। प्रतिमा को ऊनी व गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं। भगवान को ठंड न लगे, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जैतूसाव व दूधाधारी मठ में कुछ दिनों के बाद गर्म कपड़े पहनाए जाएंगे। भगवान को सामान्य कपड़ों की जगह गर्म रेशमी कपड़े पहनाएंगे। भगवान को गुड़ व तिल के लड्डू का भोग लगाया जाएगा। इसके अलावा सुबह का स्नान भी गुनगुने पानी से होगा।



## समाज लाइव

# परिचय सम्मेलन के लिए समाज ने पहले से शुरू किया पंजीयन



**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के तत्वावधान में इस वर्ष 10वां राष्ट्र स्तरीय विवाह योग्य सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का हाईटेक आयोजन राजधानी में होने जा रहा है। इसके लिए न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में 23 नवंबर से अग्रिम पंजीयन की सुविधा प्रारंभ की गई है। यह आयोजन 4 जनवरी को शहीद स्मारक भवन में किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत तथा विदेशों में कार्यरत विवाहयोग्य सतनामी प्रतिभागी अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंचेंगे। सम्मेलन में भारी भीड़ उमड़ती है, इसके मद्देनजर अविवाहित नवयुगलों के साथ-साथ विधवा, विधुर और तलाकशुदा महिलाओं और पुरुषों के लिए अग्रिम पंजीयन की सुविधा शुरू की गई है।

### प्रतिभागी जरूरी जानकारी के साथ करा सकेंगे पंजीयन

प्रतिभागी अपनी दो पासपोर्ट फोटो के साथ सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को बंधन पत्रिका निशुल्क प्रदान की जाएगी। अकादमी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देश में सतनामी समाज का सबसे बड़ा हाईटेक परिचय सम्मेलन है। जिसका सीधा प्रसारण बड़े एलईडी स्क्रीन पर लाइव किया जाता है, जिसे देखकर दूसरे राज्यों और देशों में निवासरत समाज के लोग वैवाहिक रिश्ता जोड़ने की पहल करते हैं। इसमें होने वाली भीड़ को देखते हुए आयोजन तिथि से पहले समाज के प्रमुखजनों द्वारा दायित्वों का विभाजन किया जाएगा, ताकि आने वाले परिजनों और युवक-युवती को जरूरी सुविधा दी जा सके।

● राजधानी में होने वाली हाईप्रोफाइल शादियों का काम लेने वाले स्टूडियो संचालक इस्तेमाल कर रहे 25 लाख की डिजिटल किट

# डिजिटल वीडियो-ड्रोन का शादियों में बढ़ा क्रेज, गेस्ट संग शादियों में सिनेमेटिक लुक देने बनवा रहे डिजिटल एलबम

'एक जमाना था, जब सामान्य कैमरों में कैद की जाने वाली तस्वीरों का एक वैवाहिक एलबम बनता था। इसे देखने के लिए शादी के बाद जान-पहचान के लोगों का आगमन शुरू होता था। समय के साथ शादियों में होने वाली फोटोग्रॉफी व वीडियो शूटिंग में उपयोग होने वाली तकनीक का भी स्वरूप बदला। अब हाईप्रोफॉइल शादियों में सिनेमेटिक और डिजिटल वीडियो के साथ ही प्री-वेडिंग और वेडिंग शूट के लिए 5 से 10 लाख रुपए तक खर्च करने के साथ ही आउटडोर शूटिंग के लिए बेस्ट लोकेशन पर जाने का खर्च वहन करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। डिजिटल एलबम और बुके का भी क्रेज हैं।'





### बुकिंग कराने वाले करते हैं खर्च

प्राइवेट वीडियो शूट के संचालक पुनीत सोनकर ने बताया कि शहर की हाईप्रोफॉइल शादियों में एफएक्स-3 व 6 रेंज के सिनेमेटिक कैमरों से लोग शूट कराने लगे हैं। इस हाई तकनीक से पिक्चर क्लीयर आने के साथ ही गुणवत्ता भी काफी बेहतर होती है। प्री-वेडिंग से रिसेप्शन तक की शूटिंग कराने वाले लोगों को 5 लाख में काम करके देते हैं। इसमें तकनीकी टीम के आने-जाने और खाने का खर्च भी शामिल नहीं होता। इस खर्च को बुकिंग कराने वाले लोगों को ही वहन करना पड़ता है। केवल प्री-वेडिंग शूट कराने का डेढ़ से दो लाख खर्च आता है।



**रायपुर।** तीन से चार दशक पहले लोग विवाह सम्पन्न होने के बाद तैयार किए गए वीडियो कैसेट और एल्बम देखकर खुश होते थे। आकर्षक एलबम तैयार करने पर 5 से 10 हजार खर्च करना अपनी शान समझते थे। अब नए दौर में लोग इससे बहुत आगे निकल चुके हैं। फिल्मों की शूटिंग में इस्तेमाल होने वाली डिजिटल तकनीक का भी उपयोग प्री-वेडिंग और वेडिंग शूट के लिए किया जाने लगा है। इसके लिए लोग प्रदेश के अलग लोकेशन पर जाने के साथ ही दूसरे बड़े शहरों की ओर भी रूख करने लगे हैं। शहर के सितारा होटलों में होने वाली हाईप्रोफॉइल शादियों में



डीएसएलआर स्टील लेंस का उपयोग होने लगा है। जयमाला से लेकर रिसेप्शन तक हर लम्हे को कवर करने के लिए 5 से 6 डिटिजल कैमरों के साथ ही ड्रोन भी उड़ाए जा रहे हैं। इसके लिए लोग प्रोफेशनल कैमरामैन की टीम का खर्च वहन किया जाता है।

### आउटडोर शूटिंग की दूरी के लिहाज से खर्च

कुछ एक लोग प्रदेश के बाहर पुरी, गोवा, विशाखापट्टनम में आउटडोर प्री-वेडिंग शूट के लिए आर्डर करते हैं, उन्हें इस काम के लिए 10 लाख और शादी की कम्पलीट शूटिंग के लिए बुकिंग करने पर 15 लाख तक खर्च करना पड़ता है। हालांकि इस तरह की बुकिंग रेयर ही मिलती है, लेकिन लोगों में डिजिटल तकनीक के उपयोग को लेकर जिज्ञासा बढ़ने लगी है। इस विधा से जुड़े गुलफाम खान ने बताया कि समय के साथ वीडियो और फोटोशूट के लिए हाई तकनीक के साथ स्पेशल लेंस वाली किट का इस्तेमाल किया जाता है। इससे शूटिंग पर होने वाला खर्च भी बढ़ जाता है।

### वीडियो एलबम के साथ बनवा रहे बुके

राहुल साहू ने बताया कि शादी और प्री-वेडिंग की फोटोग्रॉफी के बजाय लोग डिजिटल बुके तैयार कराने में रुचि लेते हैं। इसे मोबाइल स्क्रीन पर आसानी से देखा जा सकता है। इसको संबंधित लोगों को आसानी से भेज सकते हैं। इससे शादी का डिजिटल एलबम देखने घर आने की जरूरत नहीं है। घर पर बैठकर इसे देखने के साथ ही अपने लैपटॉप में सुरक्षित भी रख सकते हैं। इससे मैनुअल एलबम तैयार करने का चलन पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। ज्यादातर लोग डिजिटल बुके की डिमांड करते हैं। इसके लिए लोग खर्च करने तैयार होते हैं।

## सिटी लाइव

# रक्तदान शिविर युद्ध और मुठभेड़ में घायल जवानों को समर्पित



**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को कॉलेज परिसर में एनसीसी दिवस के खास मौके पर 1 सीजी नेवल विंग एनसीसी, 8 सीजी गर्ल्स बटालियन एनसीसी और जंतु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रक्तदान शिविर से की गई, जहां 29 छात्रों ने जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल कुमार रामटेके उपस्थिति रहे। उन्होंने कहा, एनसीसी को 1962 में आधिकारिक रूप से दोबारा संगठित किया गया था। यह भारत के युवाओं को सशस्त्र बलों के लिए तैयार करने और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का मंच प्रदान करता है।

### रक्तदान शिविर 2016 से जारी

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता ने कहा, यह रक्तदान शिविर मुख्य रूप से युद्ध एवं मुठभेड़ों में घायल जवानों को समर्पित है। यह रक्तदान शिविर बीते 2016 से निरंतर जारी है, हर साल छात्रों को रक्तदान से होने वाले फायदे और जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित किया जाता है। ऐसे में कॉलेज में पिछले 9 सालों में 234 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है।

# सवा लाख से एक लड़ाऊं...आनंदपुर दरबार साहिब से जुड़ी हैं यादें, पंज तखत का किया दर्शन-सिमरन

**रायपुर।** गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित पंज तखत दर्शन सिमरन यात्रा के लिए स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंग सभा की पहल पर पंज तखत दर्शन करने वाले एक हजार दर्शनार्थियों का जत्था अब असम के लिए रवाना होगा। जत्थे की अगवाई करने वाले प्रमुख सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि हुजूर साहिब नांदेड़, आनंदपुर पंजाब के बाद श्री दमदमा साहिब बठिंडा, अकाली तखत अमृतसर और र का ब गं ज साहिब के बाद दिल्ली बंगला साहिब सहित तखत श्री पटना साहिब बिहार का अभी तक दर्शन प्राप्त किया है। आनंदपुर साहिब में गुरु गोबिंद सिंह की कई यादें जुड़ी हैं। जिनमें सबसे प्रमुख है खालसा पंथ की स्थापना और आनंदगढ़ किले में बिताए गए उनके 25 साल। उन्होंने यहीं पर सिखों को एकजुट किया और मुगलों तथा पहाड़ी राजाओं से संघर्ष के लिए तैयार किया था।

गुरुद्वारा श्री गुरुसिंग सभा स्टेशन रोड से प्रमुख गुरुद्वारों का दर्शन और सिमरन यात्रा से जुड़े लोगों ने बताई महत्ता



### दरबार साहिब को मत्था टेकना सौभाग्य की बात

*सिमरन यात्रा में शामिल गुरुद्वारा स्टेशन रोड के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि इस बीच हुए युद्ध के दौरान गुरु गोबिंद सिंह ने सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़यिन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं का जयघोष किया था। इस जयकारे के साथ 40 सिखों को लेकर उन्होंने बड़ी सेना का सामना किया था। ऐसे दरबार साहिब को मत्था टेकना सौभाग्य की बात है। इस सिमरन और दर्शन यात्रा की अगली कड़ी में जत्था धुबरी साहिब धुबरी असम के लिए रविवार को आगे बढ़ेंगे। जत्थे में सहयोगी के रूप में इंदरजीत सिंग छाबड़ा लगभग 1000 दर्शनार्थियों की ट्रेन यात्रा के बीच जरूरी सुविधाएं दे रहे हैं।*

### असम में दरबार साहिब के दर्शन

*उन्होंने बताया कि 18 बोगियों की स्पेशल ट्रेन पांचो तखत का दर्शन करने के बाद 26 नवंबर को रायपुर के लिए रवाना होगी। सिमरन यात्रा में हर वर्ग के लोग शामिल हैं। उनके रहने-खाने और एसी व स्लीपर बोगियों के जरिए यात्रा का दायित्व निभा रहे समाज के सभी सेवादारों के दिशा-निर्देश पर यात्रियों का कारवां एक-एक करके सभी तखत दरबार साहिब को मत्था टेकने के बाद सिमरन यात्रा का हिस्सा बनते हुए आगे बढ़ रहे हैं। असम में दरबार साहिब का दर्शन करने के लिए सिमरन यात्रा में शामिल लोगों में उत्साह का भी माहौल है, क्योंकि वहां कई दुर्लभ चीजें देखने को मिलने वाली हैं।*

# विवाहयोग्य युवक-युवतियों का कर्मा धाम में सम्मेलन आज

**रायपुर।** कर्मा धाम संतोषी नगर में हर साल की तरह जिला साहू संघ के द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया जाएगा। संगठन सचिव अश्वनी साहू ने बताया कि इसका शुभारंभ सुबह 11 बजे समाज प्रमुखों की मौजूदगी में किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग कार्यों का दायित्व दिया गया है। आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पानी, बैठक और भोजन व्यवस्था के लिए अलग-अलग स्टाल भी लगाए जाएंगे। शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि विगत 36 वर्षों से समाज प्रमुखों की अगवाई में सामाजिक दायित्वों से जुड़ा यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य विवाहयोग्य युवक-युवतियों के परिजनों को रिश्ता खोजने में यहां-वहां आने-जाने में होने वाली परेशानी और समय की बर्बादी को बचाने के लिए प्रयास किया जाता है।

### सम्मेलन के बीच कई जोड़ों का तय होता है रिश्ता

*साथ ही समाज के बीच में जीवनसाथी पत्रिका के प्रकाशन से रिश्ता तलाशने में आसानी होती है। समाज के लोग पत्रिका में बधाई संदेश भी देते हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से स्थल पर ही कई जोड़ों का रिश्ता तय होता है। इसके लिए विशेष बैठक व्यवस्था रहेगी। गीत संगीत के बीच विभिन्न जिलों से आने वाले विवाहयोग्य युवक युवती मंच पर समाज के बीच अपना परिचय देंगे। इसमें शैक्षणिक योग्यता के साथ अपनी पसंद भी जाहिर करेंगे कि वे किस तरह के परिवार का हिस्सा बनना चाहती हैं। आयोजन का हिस्सा बनने के लिए अलग-अलग जिले से समाजजन यहां आते हैं।*

# पीएमश्री विद्यालय में स्थापना दिवस पर कराया न्योता भोजन



**रायपुर।** प्रजा सेवा समिति ने 18 वें स्थापना दिवस पर पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बालाजी नगर खुर्सीपार में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति-निर्माण के अंतर्गत विद्यालय में न्योता भोजन कराया गया। बच्चों के लिए कॉपी, कंपास, पेन का वितरण समिति एवं समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदान किया गया। प्रजा सेवा समिति विगत दशकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धनकन्या विवाह रक्तदान, बेघरों के लिए आवास निर्माण करके देने का कार्य लगातार करते हुए आ रही है। इस न्योता भोजन के आयोजन में प्रजा सेवा समिति के सदस्यों के अलावा विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे ।















## सिटी स्पोर्ट्स

### द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति की ओर से द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 23 नवंबर रविवार को सुबह 9 बजे से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 50), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60), पुरुष एकल (आयु वर्ग 65), पुरुष एकल (आयु वर्ग 70), पुरुष एकल (आयु वर्ग 75) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40), महिला एकल (आयु वर्ग 60) कुल मिलाकर 08 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। इसके लिए सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से कुल मिलाकर लगभग 130 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल्स भाग ले रहे हैं एवं प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी। प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया के सेना मेडल, कमांडर ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा होंगे। अध्यक्षता रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा करेंगे। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला होंगे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर अभिनव शर्मा एवं सहायक मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे व राष्ट्रीय अंपायर पुलकित यदु हैं।

### भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी और कांकेर में जारी है एलिट ग्रुप के मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की ओर से अंडर-14 एलिट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार को प्रदेश के विभिन्न शहरों में शुरू हुई। पहले दिन अलग-अलग टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ की टीम पहली पारी में 104 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने दो विकेट पर 240 रन बनाए। राजनांदगांव में टीम रायपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर टीम पहली पारी 114 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में 6 विकेट पर 157 रन बनाए। धमतरी में टीम जशपुर ने रायपुर ब्लू के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 116 रन बनाए और टीम आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने बिना कोई विकेट खोए हुए 23 रन बनाए। इसी तरह न्यू ग्राउंड कांकेर में प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव पहली पारी में 132 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने पहली पारी में चार विकेट पर 90 रन बनाए।

### प्लेयर ऑफ द मैच रहे आदित्य

**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंदर-19 क्रिकेट सीरीज प्रतियोगिता के अंतर्गत



रोमांचक प्रदर्शन जारी है। कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के मैदान में टीम क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने नायडू नेशनल क्रिकेट एकेडमी के विरुद्ध 6 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच यश यदु रहे। टॉस क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने जीता एवं पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में नायडू नेशनल क्रिकेट एकेडमी 114 रन पर आउट हुई। इशांत राव ने 24 रन बनाए। साहिल प्रीत सोनी ने नॉट आउट 21 रन बनाए। श्रेयांश सिंह ने 20 रन और आदर्श श्रीवास ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के मयंक मलानी एवं यश यदु ने तीन-तीन विकेट लिए। सम्यक वर्मा ने दो, मोहम्मद तकी ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने चार विकेट पर 115 रन बनाए। जिसमें अथर्व तिवारी ने नॉट आउट 57 रन और सचिन कुमार ने नॉट आउट 26 रन बनाए। इन दोनों खिलाड़ियों के मध्य पांचवें विकेट के लिए अविभाजित 99 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई एक समय क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी की टीम का स्कोर 4 विकेट पर 16 रन था। इससे पहले प्रतियोगिता के प्रथम मैच के प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य यादव को आयोजक विराज चौहान के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस मैच में नायडू नेशनल क्रिकेट अकादमी ने महासमुंद की टीम को 88 रन से पराजित किया था। जिसमें आदित्य यादव ने बल्लेबाजी करते हुए 35 रन एवं गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 23 रन देकर पांच विकेट लिए थे। इस मैच के अंपायर मोहम्मद अलीम एवं नुगेश्वर डहरिया एवं स्कोरर विनोद देवघरे थे।

## हार्मोन असंतुलन के लक्षणों पर महिलाओं को जरूर देना चाहिए ध्यान

# लगातार हार्मोन का बिगड़ता संतुलन घातक साबित हो सकता है आपके शरीर के लिए



महिलाओं के शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होने पर इसके कई लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों को अक्सर महिलाएं इग्नोर कर देती हैं। कई बार महिलाएं इन लक्षणों के पीछे का असली कारण नहीं समझ पाती हैं। जिसके चलते उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। शरीर के कई फंक्शन्स पर हार्मोन्स के उतार-चढ़ाव का असर होता है। खासकर महिलाओं के लिए हार्मोन्स का बैलेंस होना जरूरी है। पीरियड्स का हैवी होना, पीएमएस में दिक्कत, नींद आने में मुश्किल और भी कई संकेत हैं, जो अलग-अलग हार्मोन के उतार-चढ़ाव की ओर इशारा करते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि हार्मोनल इंबैलेंस के किन 4 लक्षणों पर महिलाओं को जरूर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। मनप्रीत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।

महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस के लक्षण

अगर शरीर में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ा हुआ है, तो हैवी पीरियड्स, सिरदर्द, पीरियड्स में बहुत अधिक दर्द और कब्ज हो सकती है।यह हार्मोन महिलाओं के रिप्रोडक्टिव ऑर्गन से जुड़ा है और महिलाओं की हेल्थ के लिए इसका सही लेवल में होना बहुत जरूरी है। महिलाओं में इस सेक्स हार्मोन के कम या ज्यादा होने पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसका लेवल कम होने पर रात को पसीना आना, डिप्रेशन, वजाइना का ड्राई होना और यौन इच्छा में कमी जैसे संकेत नजर आ सकते हैं।



प्रोजेस्टेरोन भी एक सेक्स हार्मोन है। इसकी कमी होने पर एंग्जायटी, पीएमएस में अधिक मुश्किल और पीरियड्स में स्पॉटिंग हो सकती है। इसकी कमी होने पर बहुत अधिक थकान, सिरदर्द और थकावट (थकान के कारण) जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कंसीव करने के लिए भी जरूरी होता है। हर महीने ओव्यूलेशन के बाद अंडाशय में यह हार्मोन उत्पन्न होता है।इसका लेवल बहुत अधिक बढ़ना भी सही नहीं है। इससे एक्ने, ऑयली स्किन, चेहर पर अनचाहे बाल और बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। तनाव अधिक होने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन की मात्रा बढ़ने लगती है। इसके बढ़ने पर थकान, कमजोरी और ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।





## खुश रहने के लिए अपनाएं ये तरीके, जीवन में आएगी बहार

क्या आप खुश रहते हैं? ये सवाल जितना आसान और छोटा है। इसका जवाब ही लोग उतना घुमाकर देते हैं। दरअसल, शायद ही कोई ऐसा हो जो इस जिंदगी में पूरी तरह खुश हो, क्योंकि कोई न कोई टेंशन उनको खुश नहीं रहने देती। कभी काम की टेंशन, कभी पार्टनर की टेंशन, कभी घर की समस्या या कभी अपनी किसी पर्सनल दिक्कत को लेकर परेशान रहते हैं और फिर खुश नहीं रह पाते। पर शायद आप ये नहीं जानते कि खुश रहना है या नहीं, ये सब आप पर ही निर्भर करता है। आप चाहें तो कुछ बातों का ध्यान रखकर और कुछ तरीकों को अपनाकर खुश रह सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ये कौन से तरीके हैं, जिनसे आप खुश रह सकते हैं। अगली स्लाइड्स में आप इस बारे में जान सकते हैं...

खुश रहने के लिए इन बातों का रख सकते हैं ध्यानः-

### नेगेटिव लोगों से रहें दूर

अगर आप खुश रहना चाहते हैं, तो सबसे पहले तो इस



बात का ध्यान रखें कि ऐसे लोगों से दूर रहें जो गलत हैं बुरे हैं। दरअसल, जो लोग नेगेटिव होते हैं वो खुद तो खुश रहते नहीं और वो आपको भी नहीं रहने देते। इसलिए ऐसे लोगों के बीच रहें जो पॉजिटिव हों।

### अपनी पसंद को दें समय

हमेशा वो काम करें, जिसे करने में आपको खुशी मिलती है। कई लोग बिना खुशी के भी काम करते रहते हैं, लेकिन इसकी जगह आप वो कर सकते हैं जिससे आपको खुशी मिले। जैसे- अगर आपको पेंटिंग पसंद है, कुछ लिखना पसंद है आदि, तो आप ये काम कर सकते हैं। ऐसा करने से आप खुश रह सकते हैं।

### दोस्तों से बात करें

हर किसी के जीवन में कोई न कोई ऐसा दोस्त या ऐसा व्यक्ति होता है, जिसके पास बैठकर, जिससे बात करके उसे खुशी मिलती है। ऐसे में आप भी अपने उसी दोस्त के साथ समय बिता सकते हैं और खुद को खुश रखने की तरफ एक कदम बढ़ा सकते हैं।

### सकारात्मक माहौल बनाएं

कई चीजें ऐसी होती हैं जो हमें बेहद खुशी देती हैं। जैसे- कोई तस्वीर, कोई याद आदि। ऐसे में आप उस सकारात्मक याद को अपने आसपास रख सकते हैं। जैसे- अगर कोई तस्वीर है, तो ऑफिस की या घर की टेबल पर उसे लगा सकते हैं या आप अपने घर में कोई नया पौधा लगा सकते हैं आदि। इससे आपका और आसपास का माहौल खुशनुमा बना रहने में मदद मिल सकती है।



# छत्तीसगढ़ जूनियर बॉल बैडमिंटन में 16 जिलों की टीम के बीच मुकाबला

**भिलाई।** 25 वीं छत्तीसगढ़ जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक एवं बालिका 2025-26 का आयोजन दशहरा मैदान, पलारी, बलौदा बाजार मे 23 नवंबर तक जारी है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 16 जिलों की बालक एवं बालिकाओं की टीम हिस्सा ले रही है। दूसरे दिन बालक वर्ग में बलौदाबजार और गरियाबंद का मुकाबला हुआ। जिस में बलौदाबजार ने 35-33 और 35-13 से जीता। दूसरे मुकाबले में बलौदाबाजार और मुंगेली का मुकाबला हुआ। जिस में बलौदाबजार ने 35-19 और 35-14 से जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में गरियाबंद और मुंगेली का मुकाबला हुआ जिस में गरियाबंद ने 35-08 और 35-04 से जीत हासिल की। चौथे मैच में बी एस पी और रायगढ़ के बीच हुए मुकाबले में बी एस पी ने 33-35, 35-25 और 35-23 से जीत हासिल की। पांचवें मैच में दुर्ग और बिलासपुर के मुकाबले में बिलासपुर ने 35-18 और 35-18 जीत हासिल की। छठवें मैच में दुर्ग और बेमेतरा का मुकाला हुआ जिस में दुर्ग ने 35 23 और 35 22 से जीता सातवें मैच में बिलासपुर और बेमेतरा से हुआ जी में बिलासपुर ने 35 12



और 35 24 से जीता आठवें मैच में महासमुंद और गौरेला पेंड्रा मरवाही का मुकाबला हुआ। जिसमें महासमुंद ने 35-05 और 35-10 से जीत हासिल की। नौवें मैच में धमतरी और गोरेला पेंड्रा मरवाही के बीच मुकाबले में धमतरी ने 35-11 और 35-14 से जीत हासिल की।

बालिका वर्ग में पहले मैच में रायगढ़ और बिलासपुर का मैच हुआ। जिस में बिलासपुर ने 35-24 और 35-18 से जीत हासिल की। दूसरे मैच में गौरेला पेंड्रा मरवाही के विरुद्ध रायगढ़ ने 35-18 और 35-32 से जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में गौरेला पेंड्रा मरवाही के विरुद्ध बिलासपुर ने 35-08 और 35-16 से जीत हासिल की। चौथे मैच में बलौदा बाजार के विरुद्ध महासमुंद ने 35-30 और 35-10 से मैच जीत हासिल की। पांचवें मैच में महासमुंद ने रायपुर जिला के विरुद्ध 35-11 और 35-10 से जीत हासिल की। छठवें मैच में बेमेतरा के विरुद्ध महासमुंद ने 35-8 और 35-14 से जीत हासिल की। सातवें मैच में रायपुर के विरुद्ध बलौदा बाजार ने 35-2 और 35-12 से जीत हासिल की। आठवें मुकाबले में बलौदा बाजार ने बेमेतरा के विरुद्ध 35-12 और 35-15 से जीत हासिल की। नौवें मुकाबले में रायपुर जिला ने बेमेतरा के विरुद्ध 35-27 और 35-26 से जीत हासिल की। दसवें मुकाबले में धमतरी ने दुर्ग के विरुद्ध 35-5 और 35 से जीत हासिल की। ग्यारहवें मुकाबले में बी एस पी ने कोरिया के विरुद्ध 35-12 और 35-20 से मैच जीत लिया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के महा सचिव वाय राजा राव ने दी।

## घर में इन 2 पक्षियों की तस्वीरें लगाना हो सकता है शुभ

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोषों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। अगर आप भी घर में सुख-शांति और आर्थिक स्थिति को ठीक करने के कुछ उपाय ढूंढ रही हैं, तो आप दो पक्षियों की तस्वीर अपने घर में लगा सकते हैं। आइए इस बारे में ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं। घर को खूबसूरत बनाने के लिए कई लोग अपने कमरे में तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम लगाते हैं। फूलदान से लेकर सुंदर-सुंदर तस्वीरों तक दीवारों पर लगाते हैं। इससे कई बार घर में कलह-क्लेश या आर्थिक तंगी भी



होती है, लेकिन लोग ये नहीं समझ पाते हैं कि इसके पीछे कारण क्या है। दरअसल, परेशानी के पीछे कई बार घर का वास्तु दोष भी होता है। आपको बता दें कि यह कोई नई बात नहीं है। वास्तु दोष और इससे होने वाली परेशानी कभी भी किसी के साथ भी हो सकती है। अगर आपके जीवन में भी इन दिनों आर्थिक परेशानी चल रही है, पैसे तो कमा रहे हैं लेकिन घर में टिक नहीं रहे हैं या बार-बार कर्ज लेना पड़ रहा है, तो आप आपको वास्तु शास्त्र में बताए गए कुछ तस्वीरों को अपने घरमें लगाना शुभ हो सकता है।

## ठंड में छोटे बच्चों के साथ कहीं घूमने का बना रहे हैं प्लान, तो ट्रिप प्लान करते समय ध्यान रखें खास बातें

अक्सर लोग बच्चों के साथ कहीं दूर घूमने निकलते हैं, तो उनकी जरूरी दवाइयां और एक छोटा फर्स्ट एड किट साथ में रखते हैं। लेकिन अगर आप यात्रा के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखेंगे, तो आपके बच्चे बीमार ही नहीं होंगे। ठंड में वायरस अधिक फैलते हैं, जिससे बच्चों को सर्दी-खांसी और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों का शरीर ज्यादा ठंड सह नहीं पाता है, जिसकी वजह से वह बीमार पड़ जाते हैं।

ऐसे में अगर आप कहीं बच्चों के साथ घूमने गए हैं और आपका बच्चा बीमार हो जाता है, तो ट्रिप खराब हो जाती है। क्योंकि पूरे ट्रिप में आपका ध्यान बच्चों की तबीयत की तरफ ही रहता है। इसलिए अगर आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं, तो आपको केवल 5 बातों का ध्यान रखना चाहिए। अगर घूमते हुए आप इन बातों का ध्यान रखते हैं, तो पूरा ट्रिप आराम से घूमकर पूरा कर लेंगे।

### बच्चों के साथ घूमते हुए इन बातों का रखें ध्यान

अगर आपके साथ छोटे बच्चे हैं, तो सबसे पहले आपको बच्चों के कपड़ों पर ध्यान रखना चाहिए। आप उन्हें गर्म कपड़े पहना कर लेकर चलें, ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके। बच्चों के लिए आप जूते एक्स्ट्रा लेकर जाएं, ताकि भीगने पर आप बदल सकें। आप ढीले जूते खरीदें, ताकि पैरों में 2 मोजे पहना सकें। बच्चों को सिर पर टोपी जरूर पहनाएं, ताकि उनके कानों पर ठंडी हवा न लगे।



अगर आप गाड़ी में सफर कर रहे हैं, तो बच्चों के चेहरे पर पतला कपड़ा ढक दें, इससे ठंडी हवा उनके गालों पर सीधी नहीं पड़ेगी। इन बच्चों के ट्रैवल टिप्स को फॉलो करते हैं, तो आप आराम से बिना किसी के बीमार हुए ट्रिप पूरा कर लेंगे। बच्चों के कपड़े अगर घूमने के दौरान गीले हो जाते हैं, तो फौरन बदल दें। अक्सर लोग सोचते हैं कि हल्के से कपड़े गीले हैं। हवा से सुख जाएंगे, लेकिन इससे उन्हें ठंड लग जाती है। बच्चों के हाथों में ग्लबस भी पहनाए, ताकि उनका शरीर गर्म रहे। इसके साथ ही बच्चों को गर्म खाना और गर्म पानी पिलाएं। अगर आप बच्चों के साथ यात्रा करते समय इन बातों का ध्यान रखते हैं, तो वह यात्रा के दौरान बीमान नहीं पड़ेगे। ठंड में अक्सर बच्चों के साथ यात्रा करने से पहले लोगों को हजार बार सोचना पड़ता है। लेकिन अगर आप उन्हें ठंड लगने से रोक लेंगे, तो यह दवाई खाने की नौबत नहीं आएगी।

## नज़र से आगे का विज़न:
## आशका सुनील गोयल
## के इंस्पायरिंग सफ़र को हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स यूके की पार्लियामेंट (लंदन) में मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान




**लंदन, UK –** एक प्रतिष्ठित समारोह में, जहाँ उपलब्धियों के साथ-साथ हौसले और संघर्ष की कहानी को सलाम किया गया, भारत की युवा प्रतिभा आशका सुनील गोयल, पुत्री सुनील एल. गोयल एवं नितू एस. गोयल, को UK पार्लियामेंट के ऐतिहासिक हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स में Inspiring Young Talent Award से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड Global South Maritime Heritage Summit 2025 के दौरान माननीय लुई फ्रेंच (Member of Parliament) और लॉर्ड रोजर इवांस द्वारा प्रदान किया गया।

आशका का सफ़र सिर्फ़ सफलता की कहानी नहीं, बल्कि अदम्य साहस और इच्छाशक्ति का प्रतीक है। 11 वर्ष की आयु में कैंसर का निदान हुआ और उपचार के दौरान उनकी दृष्टि चली गई, लेकिन उन्होंने हार मानना नहीं चुना। उन्होंने हिम्मत, जज़्बे और तकनीक की मदद से अपनी पढ़ाई जारी रखी- स्क्रीन रीडर्स और अन्य विजुअली इम्पेयर्ड छात्रों द्वारा उपयोग की जाने वाली अडैप्टिव टेक्नोलॉजी में महारत हासिल की।

फ़ैशन के प्रति अपने जुनून को सँजोते हुए, मुंबई में स्कूलिंग पूरी करने के बाद उन्होंने ग्लोबल लेवल पर अपने सपनों को जीने की शुरुआत की। आज वे दुनिया के प्रमुख संस्थानों में से एक, London College of Fashion, में Fashion Management कार्यक्रम की विद्यार्थी हैं हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स में मिला यह सम्मान, बचपन में बीमारी और चुनौतियों के अंधेरों से लेकर ब्रिटेन के प्रतिष्ठित शैक्षणिक गलियारों तक की उनकी यात्रा को उजागर करता है। आशका आज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं-

एक ऐसा संदेश देती हुई कि रुकावटें नहीं, बल्कि उन्हें पार करने की क्षमता ही असली टैलेंट को परिभाषित करती है। इस उपलब्धि के साथ,

आशका सुनील गोयल एक बार फिर यह साबित करती हैं कि हिम्मत, दृढ़ता और सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी चुनौती से बड़ी ताकत रखते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लेडी गागा की 'मेहेम' से बैड बनी तक, ग्रैमी अवॉर्ड्स की नामांकन लिस्ट में छाया एल्बम



दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित संगीत सम्मान ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नामांकन घोषित हो चुके हैं और इस बार का साल कई रिकॉर्ड तोड़ और नए इतिहास रचने वाला साबित हो रहा है। अमेरिकी रैपर केंड्रिक लैमर ने नौ प्रमुख कैटेगिरी में नामांकन हासिल करते हुए सबसे आगे बढ़त बनाई है। वहीं लेडी गागा, बैड बनी और सबीना कारपेंटर जैसे सितारों ने भी टॉप नॉमिनी की लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। लैटिन म्यूजिक के सुपरस्टार बैड बनी इस बार ग्रैमी के इतिहास में खास मुकाम हासिल कर चुके हैं। वह पहले ऐसे स्पैनिश-लैंग्वेज कलाकार बने हैं जिन्हें एक ही साल में बेस्ट एल्बम, रिकॉर्ड ऑफ द ईयर और सॉन्ग ऑफ द ईयर- इन तीनों मुख्य कैटेगिरी में नामांकन मिला है। इस साल ग्रैमी में के-पॉप की धूम भी देखने को मिल रही है। सिंगर रोसे और ब्रूनो मार्स का गाना एपीटी रिकॉर्ड और सॉन्ग ऑफ द ईयर के लिए नामांकित हुआ है, साथ ही इसे बेस्ट पॉप डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस कैटेगिरी में भी जगह मिली है। इसके अलावा नेटफ्लिक्स फिल्म 'के-पॉप डेमन हंटर्स' का सुपरहिट ट्रैक 'गोल्डन' भी तीन प्रमुख नॉमिनेशन हासिल करने में कामयाब रहा है। पॉप सिंगर सबीना कारपेंटर और लेडी गागा दोनों को इस साल के नामांकनों में खूब सराहा गया है। सबीना के गाने 'मैन चाइल्ड' और गागा के "आबरा का डाबरा" ने कई कैटेगिरी में अपनी जगह बनाई है। लेडी गागा का एल्बम 'मेहम' को एल्बम ऑफ द ईयर की रेस में शामिल किया गया है, जो उनके करियर की एक और बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। रैप की दुनिया के बादशाह केंड्रिक लैमर के लिए यह साल किसी जश्न से कम नहीं है। उनके एल्बम जीएनएक्स और सॉन्ग 'लुथर' को कई कैटेगिरी में नॉमिनेशन मिले हैं, जिनमें एल्बम ऑफ द ईयर, सॉन्ग ऑफ द ईयर और रिकॉर्ड ऑफ द ईयर शामिल हैं। उन्होंने न सिर्फ बतौर आर्टिस्ट बल्कि बतौर रैपर भी अपनी पकड़ बनाए रखी है। इस बार सर्वश्रेष्ठ नए कलाकार की श्रेणी में भी जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल रहा है। समूह कट्सआई के साथ-साथ ओलिविया डीन, लियोन थॉमस और एडीसन रे जैसे नाम नए दौर के संगीत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## ऋषभ ने 'कांतारा चैप्टर 1' की रिलीज के 50 दिन पूरे होने का मनाया जश्न




अभिनेता ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। इस फिल्म को थिएटर्स में रिलीज हुए 50 दिन हो चुके हैं। इस अहम मौके पर साउथ एक्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खास पोस्ट शेयर करते हुए अपने विचार प्रकट किए हैं।

एक्टर ऋषभ शेट्टी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से अपनी दिलचस्प तस्वीर साझा की है। इस ट्वीट में अभिनेता ने लिखा- 'फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के 50 शानदार दिनों का जश्न। हमारी अद्भुत विरासत और परंपराओं से युक्त एक दिव्य सिनेमाई अनुभव।' इसके साथ ही अभिनेता ने हैशटैग में 'कांतारा चैप्टर 1' के 50 दिन भी लिखे हैं।

इस पोस्ट के आते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा- 'कांतारा के जादू के 50 दिन।' वहीं दूसरे यूजर ने बोला- 'इस फिल्म को देखने के दौरान रोंगटे खड़े हो गए थे।' इसके अलावा अन्य यूजर्स अभिनेता और उनकी टीम को बधाई दे रहे हैं।

फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के कलेक्शन की बात करें, तो इसने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ से अधिक कमा लिए हैं। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म ने 850 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। यह फिल्म इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन गई है। इस फिल्म में ऋषभ शेट्टी ने लीड रोल निभाया है, साथ ही एक्टर ने ही फिल्म का डायरेक्शन भी किया है।

### भोजपुरी

## हनी का गाना 'चिलगम'रिलीज, 52 की मलाइका के डांस पर यूजर्स झूमे



रैपर यो यो हनी सिंह का नया गाना 'चिलगम' रिलीज हुआ। एक तरह गाने में यो यो हनी सिंह का रैप है, दूसरी तरफ रागिनी विश्वकर्मा की आवाज में भोजपुरी अंदाज में लिरिक्स सुनने को मिल रहे हैं। यह गाना यो यो हनी सिंह और मलाइका अरोड़ा पर फिल्माया गया है। यो यो हनी सिंह के गाने और मलाइका अरोड़ा के डांस मूव्स पर यूजर्स ने भी रिएक्शन दिए हैं।

हनी सिंह नए गाने 'चिलगम' में अलग ही अंदाज में दिखे। रैपर ने इंस्टाग्राम पर गाना शेयर करते हुए लिखा, 'इंतजार खत्म हुआ। बिग बिट्स, बोल्ड मूव्स, सही वाइब्स के साथ चिलगम वीडियो सामने आ चुका है।' इस गाने में उनके साथ मलाइका अरोड़ा डांस कर रही हैं।

मलाइका अरोड़ा की उम्र इस वक्त 52 साल है। लेकिन हनी सिंह के गाने में उनके डांस मूव्स देखकर यूजर्स ने मिक्स रिएक्शन दिए हैं। कई यूजर्स को गाने में उनका डांस पसंद आया। वहीं कुछ लोगों को उनका डांस पसंद नहीं आया। कुछ लोगों ने कहा कि उनकी जगह भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह को लिया जाना चाहिए।



लाइफ स्टाइल

फॉल-2025

लंदन में इन दिनों फॉल 2025 का जलवा है। यहां डिजाइनर ने कलर ट्रेंड्स में उन टोन को लिया है, जिनके लोग इस साल कुछ ज्यादा ही दीवाने हो गए हैं। इनमें बटर येलो और चेरी रेड शामिल हैं। सभी गहरे और ज़्यादा रिच, मूडी रंगों में बदल रहे हैं: करंट, एम्बर, और अल्ट्राडेकाडेंट चॉकलेट ब्राउन। यहां गैब्रिएला हर्स्ट और बोटेगा वेनेटा जैसे मॉडल ने स्कल्पचरल ड्रेस और टेलरिंग में सैचुरेटेड एम्बर को अपनाया है।

## स्किन केयर रूटीन में विटामिन ए को शामिल करने से मिलते हैं फायदे

जब भी स्किन केयर की बात होती है तो अक्सर हम अपने ब्यूटी रूटीन में विटामिन ई और सी को शामिल करना पसंद करते हैं। यकीनन इन दोनों विटामिन से आपकी स्किन को बहुत अधिक लाभ मिलता है, लेकिन सिर्फ और सिर्फ इनसे ही आप ग्लोइंग स्किन नहीं पा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप विटामिन ए भी लें।

अगर आप विटामिन ए रिच फूड्स लेते हैं या फिर उसे अपने स्किन केयर (स्किन केयर टिप्स) रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे आपकी स्किन पर जल्द एजिंग साइन्स नजर नहीं आते हैं। दरअसल, इन फूड्स में बीटा कैरोटीन और प्रोविटामिन ए कैरोटीनॉयड होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले डैमेज को दूर करते हैं। इससे स्किन पर फाइन लाइन्स और रिंकल्स जल्द नजर नहीं आते हैं और आपकी स्किन लंबे समय तक यंगर नजर आती है। यूवी किरणों के संपर्क में आने से हाइपरपिग्मेंटेशन (हाइपरपिग्मेंटेशन उपाय) और दाग-धब्बे हो सकते हैं। लेकिन अगर आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए का सेवन करते हैं तो इससे स्किन को यूवी किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकता है। यह इस डैमेज को रिवर्स करता है और स्किन को सनबर्न और पिग्मेंटेशन से बचाता है।

### मिलती है इवन टोन और ग्लोइंग स्किन



विटामिन ए को स्किन केयर रूटीन में शामिल करने का एक फायदा यह होता है कि इससे आपकी स्किन इवन टोन और ग्लोइंग नजर आती है। दरअसल, विटामिन ए पिगमेंटेशन को कम करती है और स्किन में एक चमक आती है। इतना ही नहीं, विटामिन ए क्रीम में मौजूद रेटिनोइड्स मेलेनिन का उत्पादन करने वाले एंजाइम के ब्लॉकर्स के रूप में काम करते हैं। इससे आपकी स्किन अधिक इवन टोन नजर आती है।

## शादी में पहनना चाहती हैं साड़ी तो इन डिजाइन से लें प्रेरणा



शादी के दिन सुंदर दिखने का सपना तो हर लड़की देखती है। इसी के चलते अपनी शादी तय होने से पहले ही वो सोच के रखती हैं, कि उन्हें कैसा मेकअप कराना है, कैसी ज्वेलरी पहननी है और कैसा उनका शादी का जोड़ा होना चाहिए।





सबसे ज्यादा सोच विचार शादी में पहनने वाले लहंगे के लिए किया जाता है क्योंकि एक तो वो काफी महंगा आता है। दूसरा शादी का लहंगा इतना हैवी होता है कि उसे ज्यादा पहना नहीं जाता। ऐसे में बहुत सी लड़कियां अपनी शादी में लहंगे को छोड़कर साड़ी को पसंद कर रहीं हैं। दरअसल, ये ट्रेंड बॉलीवुड अभिनेत्रियों को देखते हुए दोबारा चलन में आ रहा है। बीते कुछ समय में कई अभिनेत्रियों ने अपनी शादी में लहंगे को साइड करके साड़ी को प्राथमिकता दी है। साड़ी भी पारंपरिक भारतीय परिधान है, ऐसे में ये पहनकर दुल्हन और ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहीं हैं तो ये लेख आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिन्होंने अपनी शादी के दिन साड़ी पहनी थी। उनसे टिप्स लेकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

### चटक लाल रंग से दूर

अगर आप अपनी शादी में चटक लाल रंग से दूर रहना चाहती हैं तो आलिया का ये लुक आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। आलिया भट्ट की वेडिंग साड़ी पर आइवरी शेड की हल्की सी साड़ी, जिस पर गोल्डन मोटिफ्स वर्क था। सब्यसाची की इस साड़ी में आलिया दुल्हन बनीं बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए हैवी ज्वेलरी का चयन किया था।

### हैवी लहंगा हो जाएगा दूर

राजकुमार राव के साथ सात फेरे लेने वालीं अभिनेत्री पत्रलेखा ने अपनी शादी में हैवी लहंगे को साइड करके एक लाल सुर्ख रंग की साड़ी को चुना। इसके साथ उन्होंने मैचिंग चुनरी भी कैरी की थी। आप भी चाहें तो पत्रलेखा की तरह लाल रंग की साड़ी अपनी शादी में पहन सकती हैं।

## पसंद है क्रू कट हेयर स्टाइल तो इसके भी हैं कई पैटर्न, देखिए और अपने लिए चुनिए



क्रू कट हेयर स्टाइल आपने कभी न कभी जरूर आजमाया होगा। आपने नहीं तो आपके दोस्तों ने तो जरूर इसे कराया ही होगा। लेकिन इस कट के भी कई स्टाइल होते हैं।

इन स्टाइल को आप अपने स्टाइल के साथ मैच कर सकते हैं। ताकि आपका लुक अब तक का बेस्ट लुक बन जाए। लेकिन इससे पहले क्रू कट हेयर स्टाइल क्या होता है? ये जान लेते हैं क्योंकि कई बार हम हेयर स्टाइल करा तो लेते हैं लेकिन हमें उसका नाम पता ही नहीं होता है। क्रू कट को कई बार बज कट भी कहा जाता है। लेकिन दोनों में भी थोड़ा अंतर होता है। दरअसल क्रू कट हेयरस्टाइल में पीछे और साइड से बालों को बहुत हल्का कर दिया जाता है। इसमें ऊपर की ओर ज्यादा बाल छोड़े जाते हैं। ये तो इसका बेसिक स्टाइल है ही लेकिन इसमें भी काफी स्टाइल मिल जाते हैं। ऐसा ही एक स्टाइल है क्रू कट फेड । इस क्रू कट फेड को बेसिक स्टाइल के बेहद करीब पाया जाता है। इसमें ऊपर के बाल तो बड़े होते ही हैं, किनारे के बाल बिलकुल बारीक कर दिए जाते हैं। ब्रैड पिट और डेविड बैखम भी सी लुक को अपना चुके हैं। हाई फेड क्रू कट इस कट में किनारे के बाल तो छोटे होते हैं लेकिन ये काफी ऊपर तक छोटे किए जाते हैं। फोरहेड तक इन्हें छोटा कर दिया जाता है। मतलब सिर के ऊपर बहुत थोड़े बाल मिलते हैं। मिड फेड क्रू कट ये एक ऐसा क्रू कट है जो बालों की लंबाई और फेड दोनों को बैलेंस करता है। इसमें आपके टेम्पल और इयर के बीच से बालों को हल्का किया जाता है। इससे मॉडर्न लुक मिलता है।

## त्योहार-शादियों में पहनें लाल चूड़ियों का नया सेट

त्योहार-शादियों पर हम एथनिक लुक ही ज्यादा पसंद करते हैं और कोई भी एथनिक लुक बिना चूड़ियों के अधूरा सा लगता है। खासतौर पर यदि आप विवाहित हैं,तो त्योहारों पर लाल चूड़ियां पहनने का क्रेज तो आपको होगा ही। इसलिए आज हम आपको लाल चूड़ियों के कुछ सेट डिजाइंस दिखाएंगे, जो आप इन खास मौके पर कैरी कर सकती हैं।

### कुंदन और मोती वर्क वाली चूड़ियों

आजकल सिंपल चूड़ियों का फैशन है और इनके साथ हैवी और लाइटवेट कंगन पहन कर आप चूड़ी सेट को डिजाइनर लुक दे सकती हैं। रेड चूड़ियों की खासियत होती है कि आप इनके साथ किसी भी रंग की अन्य चूड़ियां कड़े आदि क्लब कर सकती हैं।

अगर आपको चमक-दमक पसंद है, तो आप मेटल के चौड़े गोल्डन कंगन खरीद सकते हैं। इसमें कटिंग डिजाइन वाले कंगन आजकल काफी ट्रेंड में हैं। इस तरह के कंगन यदि आप चूड़ियों के साथ पहनती हैं, तो बहुत ही एलिगेंट लुक आता है।

इसके अलावा आप लाल चूड़ियों के साथ कुंदन या फिर मोती वर्क वाले कंगन भी पहन सकती हैं। इसमें आपको बहुत सारी वैरायटी बाजार में मिल जाएंगी। यदि आप हैवी और लाइट दोनों तरह के कंगन को चूड़ियों के साथ सेट करना चाहती हैं तो आपको उन्हें भी मैचिंग का खरीदना चाहिए।



लाल चूडियों के साथ आप सफेद मोतियों वाले कड़े या फिर चूड़ियों को भी क्लब कर सकती हैं। लाल और सफेद का कॉम्बिनेशन बहुत ही अच्छा लगता है और एथनिक लुक देता है।

### लाल चूड़ियों के साथ गोल्डन स्टोन

लाल प्लेन कांच की चूड़ियों के साथ आप गोल्डन कलर की स्टोन वर्क वाली चूड़ियों भी पहन सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां में आपको ढेरों वैरायटी मिल जाएंगी और लाल रंग की चूड़ियों के साथ यह बहुत अच्छी भी नजर आती हैं। गोल्डन स्टोन वाली चूड़ियों में आपको चौड़ी और पतली दोनों तरह के डिजाइंस मिल जाएंगे। आप इनके साथ प्लेन और वर्क वाली रेड चूड़ियों भी लगवा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

मेंस खुद की पसंद के बजाए देखने वालों की पसंद को दें तरजीह

## मेंस फैशन में लड़कियों की पसंद को भी रखें ध्यान में आपका ड्रेसिंग स्टाइल देता है लोगों का अट्रैक्शन

कई बार पुरुष सिर्फ वो कपड़े पहन लेना चाहते हैं जो उन्हें आराम दें। इस वक्त वो लुक्स के बारे में सोचते ही नहीं हैं। लेकिन हर बार ये सोच सही नहीं रहती है।इस सोच के साथ लड़कियां आपको पसंद नहीं करेंगी। मतलब हर बार आराम या मन को सुकून देने वाले कपड़े पहनना जरूरी नहीं होता है। ऐसे कपड़े तो बिल्कुल नहीं पहनने होते हैं जो आमतौर पर लड़कियों को नहीं भाते हैं। किस तरह के कपड़े लड़कियों को लड़कों पर बिल्कुल अच्छे नहीं लगते हैं। कपड़ों का कौन सा स्टाइल लड़कियों को लड़कों पर नहीं भाता है, जानते हैं-

### फंकी सूट्स

सूट तो पुरुषों पर लड़कियों को अच्छे लगते हैं लेकिन हर तरह के सूट अच्छे लगें, ये जरूरी नहीं है। खासतौर पर फंकी स्टाइल के चटख रंगों वाले सूट लड़कियों को बिल्कुल नहीं भाते हैं। इसलिए डेट पर जाएं तो इन सूट को बिल्कुल पहन कर ना जाएं। साथ ही जो सूट पहनें, उनकी फिटिंग अच्छी रखें।



### लो वेस्ट जींस

लो वेस्ट जींस का भले ही फैशन हो लेकिन बहुत ज्यादा लो वेस्ट जींस पुरुषों पर अच्छी नहीं लगती है। लड़कियों को ये ज्यादा स्किन शो वाला काम लगता है। स्मार्टनेस बिल्कुल नहीं आती हैं स्टाइल बिगड़ता है वो अलग।

### सेक्सी वनलाइनर टीशर्ट

टी-शर्ट पहनना अच्छा है लेकिन सेक्सी वनलाइनर वाली टीशर्ट को बिल्कुल नो कह दीजिए। क्योंकि ऐसे सेक्सी वनलाइनर के टीशर्ट पहनकर आपकी इमेज बिल्कुल खराब बन जाती है।लड़कियों को पुरुषों की ये ड्रेस पसंद नहीं आती है इसलिए इसे भी कम से कम डेट पर पहनकर बिल्कुल ना जाइए।

### कैप्री शॉर्ट

कैप्री शॉर्ट ऐसी ड्रेस है जो आमतौर पर पुरुष आराम के नजरिए से पहन लेते हैं। मगर यकीन मानिए, इसमें आपका लुक बिल्कुल अच्छा नहीं आता है। ये ड्रेस टीनएजर्स पर सही आती है लेकिन आप पर ये लड़कियों को अच्छा नहीं लगेगा।

### चमकदार बेल्ट

चमकदार बेल्ट से भी आपकी ड्रेसिंग खराब लग सकती हैं। लड़कियों को खासतौर पर चमकदार अलग से दिखने वाली बेल्ट अच्छी नहीं लगती हैं। ऐसी बेल्ट बिल्कुल न चुनें,जिनके बकल जरूरत से ज्याद बड़े हों। या जिनका कलर इतना ब्राइट हो कि दूर से ही नजर आ जाए।

